रजिस्ट्री सं. डी.--(डी एन)--73 REGISTERED NO. D--(DN)--73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 2] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 14, 1984 (पौष 24, 1905)
No. 2] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 14, 1984 (PAUSA 24, 1905)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I--खंड 1--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	13
भाग I--खंड 2--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	
भाग I--खंड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	
भाग I--खंड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	51
भाग II--खंड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II--खंड 1-क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II--खंड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II--खंड 3--उप-खंड(i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II--खंड 3--उप-खंड(ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खंड(iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II--खंड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III--खंड 1--उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	597
भाग III--खंड 2--पैटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	17
भाग III--खंड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	1
भाग III--खंड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	505
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	11
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़े को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	13
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	31
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	51
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	597
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	17
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	1
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	505
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	1
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos not received

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

लोकसभा सचिवालय

नई दिल्ली-110001 23 दिसम्बर 1983

सं० 4/4/80-आर० सी० सी०—5 दिसम्बर, 1983 को श्री सदाशिव बगाईतकर का निधन हो जाने के कारण हुए रिक्त स्थान पर राज्यसभा के सदस्य श्री लाडली मोहन निगम को रेलवे उपक्रम द्वारा सामान्य राजस्व को देय लाभांश की दर तथा रेलवे वित्त और सामान्य वित्त से संबंधित अन्य आनुषंगिक मामलों की पुनरीक्षा करने वाली संसदीय समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए 21 दिसम्बर, 1983 को मनोनीत किया गया है।

एच० एस० कोहली, मुख्य वित्तीय समिति अधिकारी

योजना आयोग

नई दिल्ली-110001, दिनांक 30 नवम्बर 1983

संकल्प

सं० ई०-11015/81-हिन्दी:—योजना आयोग के तारीख 30 मई, 1981 के संकल्प संख्या ई-11015/3/80-हिन्दी के क्रम में भारत सरकार ने आचार्य भगवान देव, सदस्य लोक सभा को योजना मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का सदस्य नामित करने का निर्णय किया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति समिति के सभी सदस्यों, सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

के० सी० अग्रवाल
निदेशक (प्रशासन)

ग्रामीण विकास मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 12 दिसम्बर 1983

सं० ई 11012/4/83-हिन्दी—ग्रामीण विकास मंत्रालय में भारत सरकार ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के कार्यक्षेत्र में आने वाले विषयों पर हिन्दी में मौलिक पुस्तकें लिखने वाले लेखकों को पुरस्कार प्रदान करने के लिए "ग्रामीण विकास साहित्य पुरस्कार" नामक एक योजना आरम्भ करने का निश्चय किया है। इस योजना की मुख्य बातें निम्नलिखित हैं :—

1. ग्रामीण विकास मंत्रालय के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विषयों पर हिन्दी में लिखी गई मानक मूल पुस्तकों के लिए दो वर्षों में एक बार 5000 रुपये व 2500 रुपये का एक-एक नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

2. इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण विकास मंत्रालय के कार्यक्षेत्र में आने वाले विषयों पर हिन्दी में मौलिक पुस्तकें लिखने के लिए भारत के लेखकों को प्रोत्साहित करना है।

3. केवल उच्च स्तर की मूल पुस्तकों पर ही चाहे वे हस्तलिपि में हों या प्रकाशित रूप में, पुरस्कार प्रदान करने के लिए विचार किया जाएगा।

4. ग्रामीण विकास मंत्रालय को पुरस्कार प्राप्त-कर्ताओं के चयन और इस प्रकार के चयन को शामिल करने वाले नियम बनाने का अनन्य अधिकार होगा।

5. पुरस्कार योजना में भारतीय लेखक भाग ले सकते हैं जिनमें बहु लेखकों वाली पुस्तकों के वे सम्पादक भी शामिल हैं, जिन्होंने स्वयं भी उन पुस्तकों में पर्याप्त रूप में अंशदान किया हो और साथ ही सम्पादकीय प्राक्कथन भी दिया हो। प्रकाशित पुस्तकों और लेखक द्वारा प्रकाशन के लिए प्रस्तावित हस्तलिपियों, दोनों को ही स्वीकार किया जाएगा, बशर्ते कि वे मूल रूप में लिखी गई हों और उनसे किसी अन्य व्यक्ति के कापी राइट का उल्लंघन न होता हो।

6. लेखकों का मूल्यांकन पुरस्कार वाले वर्षों के पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत की गई पुस्तकों/

हस्तलिपियों के रूप में उनके द्वारा किए गए मूल लेखन के आधार पर किया जाएगा।

7. पुरस्कार करने के लिए उपयुक्त समझी जाने वाली सर्वोत्तम पुस्तकों/हस्तलिपियों के चयन के लिए एक मूल्यांकन समिति होगी।

8. सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय पुरस्कार प्रदान करने के लिए अंग्रेजी व हिन्दी के प्रमुख समाचार पत्रों में एक नोटिस देकर लेखकों से आवेदन पत्र आमंत्रित करेंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय अपनी ओर से किसी भी पुस्तक को पुरस्कार देने के बारे में विचारार्थ शामिल कर सकता है।

9. लेखकों से अपेक्षित होगा कि वे अपने आवेदन पत्र तथा पुस्तकें अथवा हस्तलिपियां 5 प्रतियों में सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजें। इस प्रकार प्रस्तुत पुस्तकों/हस्तलिपियों की प्रतियां लेखकों को लौटाई नहीं जाएंगी।

10. यदि इस पुरस्कार योजना में शामिल किसी मूल पुस्तक को किसी योजना के अन्तर्गत पुरस्कार मिल चुका हो तो लेखक को सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजे जाने वाले अपने पत्र में इस बात का उल्लेख स्पष्ट रूप से कर देना चाहिए।

11. कोई भी लेखक पुरस्कार के लिए एक से अधिक प्रविष्टियां भेज सकता है। तथापि, कोई भी लेखक दो वर्ष की अवधि विशेष में योजना के अन्तर्गत एक से अधिक पुरस्कार का हकदार नहीं होगा।

12. यदि पुरस्कार प्राप्त किसी पुस्तक/हस्तलिपि के एक से अधिक लेखक हैं तो पुरस्कार की राशि को साझी लेखकों में बराबर वितरित किया जाएगा।

13 यदि कोई भी पुस्तक/हस्तलिपि पुरस्कार/पुरस्कारों के लिए उपयुक्त नहीं पाई जाती तो पुरस्कार/पुरस्कारों को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा रोक लिया जाएगा।

14 पुरस्कार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विशेष तौर पर आयोजित समारोह अथवा अन्य किसी अवसर पर प्रदान किए जाएं।

15. सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय पुरस्कार प्रदान करने से काफी समय पूर्व पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को पुरस्कार के लिए उनके चुने जाने के बारे में सूचना देंगे।

सामान्य

1. जो लेखक पुरस्कार के लिए विचारार्थ अपनी पुस्तक प्रस्तुत करेगा, उसका कापी राइट समाप्त नहीं होगा।

2. पुस्तक के अनुवाद पर पुरस्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

3. यदि कोई प्रकाशित पुस्तक पुरस्कार के लिए चुनी जाती है तो पुरस्कार की राशि का भुगतान लेखक द्वारा केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार अथवा इन किन्हीं भी सरकारों से सहायता प्राप्त कर रहे किसी भी संस्थान अथवा संगठन से सहायता लिए बिना इस पुस्तक को प्रकाशित कराए जाने के बाद ही किया जाएगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों/संघ क्षेत्रों और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प का सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए

सत्य प्रकाश विशनोई
संयुक्त सचिव

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

संस्कृति विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 13 दिसम्बर 1983

सं० एफ० 23-46/81-सी० एच०-5 (एन० सी० ए०) शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय ने, कला, पुरातत्व, मानवविज्ञान, अभिलेखागार, संग्रहालय सम्बन्धी संस्थाओं के कार्यकलापों को समन्वित करने तथा इस प्रकार की संस्थाओं और संगठनों की भावी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शी रूपरेखाओं की व्यवस्था करने के लिए, 19 सितम्बर, 1983 के संकल्प सं० एफ० 23-46/81-सी० एच०-5 द्वारा एक राष्ट्रीय कला परिषद की स्थापना की है। दिनांक 19 सितम्बर, 1983 के उपरोक्त संकल्प में यह उल्लेख किया गया था कि रचनात्मक कला और अनुसंधान तथा विद्वता का प्रतिनिधित्व करने वाले आठ विख्यात व्यक्तियों की घोषणा बाद में की जाएगी। इसके अनुपालन में निम्नलिखित को राष्ट्रीय कला परिषद में तत्काल से नामजद करने का निर्णय किया गया है:

1. श्रीमती पुपुल जयाकर
2. श्री रवि शंकर
3. डा० मुल्क राज आनन्द
4. श्री चार्ल्स कारिया
5. श्री सान्याचौधरी
6. डा० जब्बर पटेल
7. डा० एल० पी० सिंहारे
8. श्री श्याम बेनेगल

आदेश: आदेश है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों तथा सभी राज्य सरकारों तथा संघ शासित क्षेत्रों को भेजी जाएं।

यह भी आदेश है कि इस संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

सरला ग्रेवाल, सचिव

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

नई दिल्ली–110011, दिनांक 19 दिसम्बर 1983

(पुरातत्व)

स० 23/32/81–उ० अ०—इस कार्यालय की तारीख 1/9/82 की अधिसूचना स० 23/32/81–उ० अ० के आंशिक उपांतरण मे एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री रंगपटनम (कर्नाटक) स्थित टीपू सुल्तान का संग्रहालय और नागार्जुनकोंडा (आंध्र प्रदेश) स्थित पुरातत्वीय संग्रहालय क्रमश. प्रात. 9 00 बजे से सायं 5.00 बजे तक और प्रात. 9.00 बजे से सायं 4 00 बजे तक जनता के लिए खुले रहेंगे।

डा० (श्रीमती) देबला मित्र
महानिदेशक

समाज कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 दिसम्बर 1983

संकल्प

विषय —स्तनपान के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिये भारतीय राष्ट्रीय संहिता

स० 18–11/81–एन० टी०—स्वास्थ्य के अर्जन तथा अनुरक्षण के लिये प्रत्येक बच्चे के पर्याप्त रूप से घोषित किए जाने के अधिकार की भारत सरकार पुष्टि करती है। शिशुओं की मृत्यु और उनमें होने वाली शारीरिक और मानसिक विकलांगताओं की अधिकतर घटनाओं का एक मुख्य सहायक कारण शिशुओं का कुपोषण है। शिशुओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषाहार से अलग नहीं रखा जा सकता। माता और उसका शिशु एक जैविक इकाई (बायोलोजिकल यूनिट) है। स्तनपान प्रजनन क्रिया का अभिन्न अंग है। शिशु को आहार देने का यह प्राकृतिक और आदर्श ढंग है और यह स्वस्थ बच्चे के विकास के लिए आद्वितीय जैविक और भावात्मक आधार है। स्तनपान की क्रमण–निरोधक विशेषताएं, शिशु की बीमारी से सुरक्षा करती है। बच्चों के जन्मान्तर की अवधि पर, मां के स्वास्थ्य और कल्याण पर, परिवार के स्वास्थ्य पर, पारिवारिक और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर और खाद्य उत्पादन पर, स्तनपान के प्रभाव को काफी मान्यता प्राप्त है। अत: स्तनपान आत्मनिर्भरता और प्राथमिक स्वास्थ्य-देखभाल का मुख्य पहलू है। यह राष्ट्र का दायित्व है कि स्तनपान को प्रोत्साहित किया जाए और सुरक्षित रखा जाए और गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को इसको विघटित करने वाले प्रभाव से बचाया जाए। अनुपयुक्त रूप से आहार देने की प्रक्रियाओं से, शिशुओं का कुपोषण होता है तथा हमारे बच्चे मौत और बीमारी का शिकार होते हैं। स्तनपान के विकल्पों और दूध पिलाने की बोतलों और निप्पलों जैसे अन्य सम्बन्धित उत्पादों को बढ़ावा देने से जन स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है। मां के दूध और स्तनपान कराने के लाभों से सम्बन्धित जानकारी को प्रचारित करने की अपेक्षा मां के दूध के विकल्पों और उससे सम्बन्धित उत्पादों को अधिक गहन और जोरदार ढंग से प्रचारित किया जा रहा है जिसके कारण स्तनपान कराने में कमी आती है। स्तनपान का संरक्षण करने, उसे प्रोत्साहन देने और उसकी सहायता करने के लिए जोरदार उपायों के अभाव में यह पूर्वानुमान लगाया जा सकता है कि स्तनपान कराने की क्रिया में कमी जारी रहेगी और शिशुओं तथा छोटे बच्चों की ओर अधिक संख्या को संक्रामक रोगों, कुपोषण और मौत का खतरा होगा। जब छोटे शिशुओं को मां द्वारा स्तनपान कराया जा सके और जब स्तन दूध का अन्य स्रोत उपलब्ध न हो, तो केवल ऐसी ही अवस्था में अन्य शिशु-आहार आवश्यक हो जाता है। यह महत्वपूर्ण है कि सामान्यत जब शिशु की आयु चार से छ: मास की हो जाये तो उसे उचित पूरक आहार दिया जाये और स्थानीय आहारों और परम्परागत प्रक्रियाओं पर जोर दिया जाए तथा केवल तभी जब आवश्यक हो, उचित दिशानिर्देशों के अन्तर्गत ही उद्योगों में तैयार किए गए उत्पादों को प्रयोग में लाया जाए। विश्व के बच्चों के उचित पोषाहार और स्वास्थ्य को उच्चतम प्राथमिकता देने के विचार को ध्यान में रखते हुए मई 1981 में विश्व स्वास्थ्य सभा द्वारा अपनाई गई मां के दूध के विकल्पों के विपणन की एक अन्तर्राष्ट्रीय संहिता की सरकार सराहना करती है। सरकार की यह मान्यता है कि यद्यपि यह संहिता उन उत्पादों के उत्पादन और विपणन को नियमित करने का एक महत्वपूर्ण उपाय है, जिनसे स्तनपान में बाधा पहुंचती है, फिर भी यह उन प्रयासों का केवल एक पहलू है जो सरकार द्वारा शिशुओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य विकास और वृद्धि के संरक्षण और बढ़ावे के लिए करने चाहिए।

शिक्षा पद्धतियों, सामाजिक सेवाओं, परिवारों, समुदायों, महिला संगठनों और अन्य गैर-सरकारी संगठनों को स्तनपान के संरक्षण और उसे बढ़ावा देने और माताओं, शिशुओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषाहार की स्थिति को सुधारने की ओर लक्षित अन्य क्रियाकलापों के साथ सम्बद्ध करना चाहिए। ऊपर बताई गई बातों को ध्यान में रखते हुए तथा जीवन के प्रारम्भिक महीनों में बच्चों की कमजोर अवस्था तथा अनुपयुक्त आहार प्रक्रियाओं जिनमें मां के दूध के विकल्पों और उससे सम्बन्धित सहायक सामग्री का अनावश्यक और अनुचित प्रयोग शामिल है, के कारण उत्पन्न खतरों को ध्यान में रखते हुए, यह आवश्यक है कि ऐसे उत्पादों के विपणन का विनियमन किया जाए। इसलिए सरकार निम्नलिखित संहिता को अपनाने का संकल्प करती है :—

अनुच्छेद–1

इस संहिता का उद्देश्य स्तनपान के संरक्षण और बढ़ावा द्वारा और जहां कहीं आवश्यक हो, पर्याप्त जानकारी के आधार पर तथा समुचित विपणन और वितरण के माध्यम से स्तनपान के विकल्पों का उचित प्रयोग

सुनिश्चित करके शिशुओं के लिए सुरक्षित और पर्याप्त आहार की व्यवस्था करने में सहयोग प्रदान करना है ।

अनुच्छेद–2

संहिता का क्षेत्र

यह संहिता निम्नलिखित उत्पादों के विपणन तथा उनसे सम्बन्धित प्रक्रियाओं पर लागू होती है : स्तनपान के विकल्प, जिसमें शिशु आहार सूत्र शामिल ह, अन्य दुग्ध उत्पाद, खाद्य और पेय, जिनमें बोतल द्वारा पिलाए जाने वाले पूरक आहार भी शामिल है, यदि बेचते समय, अथवा अन्यथा, संशोधनों सहित अथवा उसके बिना, उन्हें मां के दूध का आंशिक अथवा पूरा विकल्प बताया जाय तथा दूध पिलाने की बोतले और निप्पल । यह उनकी क्वालिटी और उपलब्धता तथा उसके प्रयोग से सम्बन्धित जानकारी पर भी लागू होती है।

अनुच्छेद–3

परिभाषाए––

इस संहिता के प्रयोजनों के लिए :

"मां के दूध के विकल्प" का अर्थ है

कोई आहार जिसे मां के दूध के आंशिक या पूर्ण विकल्प के रूप में बेचा जा रहा हो, या बताया जा रहा हो, चाहे वह उन प्रयोजनों के लिये उपयुक्त हो या न हो ।

"पूरक आहार" का अर्थ है

जब मां का दूध या शिशु-आहार शिशु की पोषिक आवश्यकताओं के पूरा करने में अपर्याप्त हो तो, उस कमी को पूरा करने वाला, निर्मित या स्थानीय तौर पर तैयार किया गया आहार । ऐसे आहारों को सामान्यतया "मां के दूध का पूरक" या स्तनपान से छुड़ाए "बच्चों का आहार" कहा जाता है ।

"डब्बा (पात्र)" का अर्थ है

रैपरों सहित उत्पादन की साधारण खुदरा इकाई के तौर पर बिक्री के लिए किसी प्रकार से भी पैक किया जाना ।

"वितरक" का अर्थ है

व्यक्ति, निगम या सरकारी या निजी क्षेत्र के व्यवसाय में (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में) (लगा हुआ एकम एन्टिटी,) जो इस संहिता के क्षेत्र के उत्पादन का थोक या खुदरा स्तर पर विपणन करता है । "प्राथमिक वितरक" निर्माता का विपणन करता है । "प्राथमिक वितरक' निर्माता का बिक्री एजेन्ट, प्रतिनिधि, राष्ट्रीय वितरक या दलाल होता है ।

"स्वास्थ्य देखभाल पद्धति" का अर्थ है

माताओं, शिशुओं और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल में और नर्सरियों या शिशु देखभाल संस्थाओं में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से व्यस्त सरकारी, गैर-सरकारी या निजी संस्थान या संगठन । इसमें निजी तौर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी सम्मिलित है । इस संहिता के प्रयोजनों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पद्धति में औषधालय या अन्य प्रतिष्ठित बिक्री के निगम सम्मिलित नहीं हैं

"स्वास्थ्य कार्यकर्ता" का अर्थ है

ऐसे स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के घटक में काम करने वाला व्यक्ति चाहे वह व्यावसायिक हो या गैर-व्यावसायिक, जिसमें स्वैच्छिक, अवैतनिक कार्यकर्ता शामिल है ।

"शिशु-आहार सूत्र" का अर्थ है

मां के दूध का एक ऐसा विकल्प जिसे चार-छः मास तक की आयु वाले शिशुओं की शारीरिक विशेषताओं के अनुकूल उनकी पौषणिक आवश्यकताओं की सन्तुष्टि करने के लिए भारतीय मानक संस्थान के लागू मानकों के अनुसार औद्योगिक ईकाई में तैयार किया गया हो । शिशु-आहार सूत्र के घर पर तैयार किए जाने की अवस्था में इसे घर पर तैयार बताया जाएगा ।

"लेबल" का अर्थ है

इस संहिता के विषयक्षेत्र में किसी उत्पादक के डब्बे (ऊपर देखें) पर उत्कीर्ण किया गया या अंकित, चिन्हित, लिखित, छपा हुआ, स्टेंसिल, अंकित या संलग्न कोई टैग, मार्का, निशान, चित्रित या अन्य वर्णित विषय ।

"निर्माता" का अर्थ है

एक निगम या सरकारी या निजी क्षेत्र के व्यवसाय का कार्य में (चाहे प्रत्यक्ष हो या किसी एजेंट के माध्यम से या इसके संविदा के अधीन या उसके द्वारा नियंत्रित एकम के माध्यम से) कार्यरत इस संहिता के विषय क्षेत्र के अन्तर्गत उत्पाद के निर्माण में कार्यरत एकम ।

"विपणन" का अर्थ है

उत्पादन प्रोत्साहन, वितरण, बिक्री, विज्ञापन, उत्पाद-जन सम्बन्ध और सूचना सेवाएं ।

"विपणन कार्मिक" का अर्थ है

कोई व्यक्ति जिसका कार्य उस संहिता के विषयक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले उत्पाद या उत्पादों के विपणन से निहित हों ।

"नमूने" का अर्थ है

बिना लागत के दिए गए उत्पाद की एक या छोटी मात्राए ।

"आपूर्ति" का अर्थ है

विशेष उद्देश्य के लिए जिसमें जरूरतमद परिवारों को दिए गए उत्पाद शामिल हैं, बढ़ी हुई अवधि के बाद में प्रयोग करने के लिए मुफ्त या घटी कीमतों पर प्रदान किए गए किसी उत्पाद की मात्रा ।

अनुच्छेद–4

जानकारी और शिक्षा

4.1 सरकार सुनिश्चित करेगी कि शिशुओं एवं छोटे बच्चों के खिलाने पिलाने के बारे में ठोस और सुसंगत जानकारी परिवारों और शिशु और छोटे बच्चों के पोषाहार के क्षेत्र में संलग्न व्यक्तियों को उपलब्ध की जाये । इस उत्तरदायित्व में जानकारी का आयोजन, उसकी उपलब्धता और रूपरेखा और उसका प्रचार-प्रसार करना था उनका नियन्त्रण शामिल है ।

4.2 जानकारी और शिक्षा सम्बन्धी सामग्री, चाहे यह लिखित रूप में अथवा श्रव्य रूप में अथवा दृश्य रूप में हो, जिसका संबंध शिशुओं के खिलाने पिलाने से है तथा जो गर्भवती महिलाओं और शिशुओं एवं छोटे बच्चों की माताओं के लिए है, उसमें निम्नलिखित बिन्दुओं के संबंध में स्पष्ट जानकारी शामिल होगी :— (क) मां के दूध के लाभ और उसकी श्रेष्ठता (ख) मां के लिए पोषाहार और मां के स्तनपान के लिए सम्पाक और उसका अनुरक्षण (ग) आंशिक रूप से बोतल का दूध पिलाने का स्तनपान पर नकारात्मक प्रभाव (घ) स्तनपान न कराने के निर्णय को बदलने में कठिनाइयां और (ङ) जहां आवश्यक हो वहां शिशु आहार सूत्र का समुचित प्रयोग चाहे वह खाद्य किसी उद्योग द्वारा तैयार किया गया हो अथवा घर पर। जब इस प्रकार की सामग्री में, शिशु आहार सूत्रों के प्रयोग के संबंध में जानकारी उपलब्ध हो तो उनमें इसके प्रयोग के संबंध में सामाजिक एवं वित्तीय उलझनों, अनुचित खाद्यों अथवा खिलाने पिलाने की अनुचित विधियों से स्वास्थ्य संबंधी खतरों और विशेषकर, शिशु आहार सूत्रों तथा अन्य स्तनपान विकल्पों के अनावश्यक अथवा अनुचित प्रयोग से स्वास्थ्य संबंधी खतरों की जानकारी शामिल होनी चाहिए। ऐसी सामग्री में किसी ऐसी तस्वीर अथवा पाठ का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिये जो कि स्तनपान विकल्पों के प्रयोग को श्रेष्ठता प्रदान करता हो।

4.3 निर्माताओं अथवा वितरकों द्वारा जानकारी संबंधी अथवा शिक्षात्मक साधनों अथवा सामग्री का दान समुचित सरकारी प्राधिकारी की लिखित अनुमति सहित अनुरोध पर अथवा इस उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए। ऐसे साधनों अथवा सामग्री पर दानकर्ता कम्पनी का नाम अथवा शब्द चिन्ह हो सकता है, परन्तु उन पर इस संहिता के क्षेत्र में आने वाले किसी मालिकाना उत्पाद का संकेतन हो तथा उनका वितरण केवल स्वास्थ्य देखभाल पद्धति (हैल्थ केयर सिस्टम) के माध्यम से ही होना चाहिए।

अनुच्छेद-5

सामान्य जनता एवं माताएं

5.1 इस संहिता के क्षेत्र के अन्तर्गत उत्पादों का कोई विज्ञापन अथवा सामान्य जनता में बढ़ावा देने का दूसरा तरीका नहीं होगा।

5.2 निर्माताओं तथा वितरकों को चाहिए कि वे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी को भी इस संहिता के क्षेत्र के अन्तर्गत उत्पादों के नमूने प्रदान न करें।

5.3 इस अनुछेद के पैरा 1 तथा 2 के अनुरूप उपभोक्ता को खुदरा तौर पर, प्रत्यक्ष रूप से बिक्री के लिए अभिप्रेरित करने के लिए बिक्री के विज्ञापनों, नमूना वितरण अथवा अन्य प्रोत्साहक तरीकों का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए अर्थात इस संहिता के, कार्यक्षेत्र के भीतर खुदरा स्तर पर उत्पादों के लिए विशेष प्रदर्शन, रियायती कूपन, प्रीमियम, विशेष बिक्री, हानि सूचक एवं सम्बद्ध बिक्री नहीं की जानी चाहिए। इस उपबन्ध से दीर्घकालीन आधार पर, कम मूल्य पर उत्पाद करने के लिए मूल्य नीतियों एवं व्यवहारों की स्थापना पर प्रतिबन्ध नही लगाना चाहिए।

5.4 निर्माताओं तथा वितरकों को गर्भवती महिलाओं या शिशुओं की माताओं तथा छोटे बच्चो मे किन्ही भी ऐसी वस्तुओं अथवा बर्तनों के उपहारो का वितरण नहीं करना चाहिए जिनसे स्तनपान विकल्पों या दूध पिलाने वाली बोतलो को प्रोत्साहन मिले।

5.5 विपणन कार्मिक को अपनी व्यापारिक क्षमता में, गर्भवती महिलाओं या शिशुओं की माताओं तथा छोटे बच्चो के साथ किसी प्रकार का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष सम्पर्क नहीं करना चाहिए।

अनुच्छेद–6

स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियां

6.1 देश के स्वास्थ्य प्राधिकारियों को इस संहिता के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिये तथा स्तनपान के संरक्षण और इसको बढ़ावा देने के लिये उचित कदम उठाने चाहिए और अपने कर्त्तव्यों के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को उपयुक्त जानकारी एवं सलाह देनी चाहिए जिसमें अनुच्छेद 4.2 में निर्दिष्ट जानकारी भी शामिल है।

6.2 इस संहिता के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी शिशु आहार अथवा अन्य उत्पाद को बढ़ावा देने के प्रयोजन के लिये स्वास्थ्य देखभाल पद्धति की किसी भी प्रकार की सुविधा का उपयोग नहीं किया जाएगा। तथापि यह संहिता, अनुच्छेद 7.2 में दिए अनुसार स्वास्थ्य व्यावसायियों के लिये सूचना के प्रसार को प्रतिबाधित नहीं करती।

6.3 इस संहिता के कार्यक्षेत्र में आने वाले उत्पादों के प्रदर्शन के लिए ऐसे उत्पादों से सम्बन्धित इश्तहारों या पोस्टरों के लिए अथवा अनुच्छेद 4.3 में विनिर्दिष्ट वस्तुओं को छोड़कर निर्माता या वितरक द्वारा प्रदान की जाने वाली सामग्री के वितरण के लिये स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियों की सुविधाओ का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

6.4 स्वास्थ्य देखभाल पद्धति द्वारा निर्माताओं अथवा वितरकों द्वारा लगाये गये अथवा उनके वेतनभोगी व्यवसायी सेवा प्रतिनिधियों, "माता शिल्प नर्सों" अथवा ऐसे अन्य कार्मिकों की सेवाओं के उपयोग की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

6.5 शिशु-आहार सूत्र, चाहे घर में तैयार किया हो या बाहर, उसके खिलाने का प्रदर्शन केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा, या यदि आवयक हो तो दूसरे सामुदायिक कार्यकर्ताओं द्वारा ही प्रदर्शित किया जाना चाहिए। यह प्रदर्शन केवल उन माताओ या परिवार के सदस्यों के सामने ही किया जाना चाहिए जिन्हें इस के उपयोग की जरूरत हो तथा दी गई सूचना में अनुचित उपयोग के खतरों का उचित स्पष्टीकरण भी शामिल किया जाना चाहिए।

6.6 संस्थाओं अथवा संगठनों को इस संहिता के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत शिशु आहार सूत्र या दूसरे उत्पादों का दान या कम मूल्य पर विक्रय चाहे वह संस्थाओं के लिये हो या बाहर वितरण के लिये, कुपोषित बच्चों या दूसरे चिकित्सा कारणों अथवा उस शिशु माताओं के लिये जो अपना दूध नहीं पिला सकती और जो इस को खरीदने में असमर्थ हों, किया जा सकता है। यदि ये सामग्री संस्थाओं से बाहर उपयोग के लिये वितरित की जाती है तो वह केवल सम्बन्धित संस्थाओं अथवा संगठनों द्वारा ही की जानी चाहिए। ऐसे दान या

कम दामों पर बिक्री का उपयोग निर्माताओ अथवा वितरको द्वारा बिक्री प्रलोभन के रूप में यह नहीं किया जाना चाहिए ।

6.7 जहा कही इस सहिता के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत शिशु आहार सूत्र या दूसरे उत्पादों की प्रदान की गई सामग्री एक संस्था से बाहर वितरित की जाती है तो उस संस्था अथवा संगठन को यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करने चाहिए कि सामग्री तब तक ही प्रदान की जाए जब तक कि सम्बन्धित शिशुओं को उस की जरूरत है । सम्बन्धित प्रदाताओं और संस्थाओं को इस उत्तरदायित्व को ध्यान में रखना चाहिए ।

6.8 अनुच्छेद 4.3 में उल्लिखित वस्तुओं के अतिरिक्त देखभाल पद्धति को प्रदान की गई उपकरण तथा सामग्री पर कम्पनी का नाम या शब्द चिन्ह हो सकता है लेकिन इस संहिता के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत किसी मालिकाना उत्पाद का उल्लेख नही किया जाना चाहिए ।

अनुच्छेद–7

स्वास्थ्य कार्यकर्ता

7.1 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मां के स्तनपान को प्रोत्साहित करना चाहिए और जो कार्यकर्ता विशेष कर मातृक एवं शिशु पोषाहार से संबंधित है उन्हे अपने आप को इस संहिता के अंतर्गत अपने कर्तव्यों के साथ परिचित कराना चाहिए । इस में अनुच्छेद 4 2 में उल्लिखित सूचना भी शामिल होगी ।

7.2 इस संहिता के कार्यक्षेत्र के भीतर आने वाले उत्पादों के सम्बन्ध में स्वास्थ्य व्यवसायों को निर्माताओं एवं वितरको द्वारा प्रदान की गई जानकारी वैज्ञानिक तथा वास्तविक मामलों तक सीमित कर दी जानी चाहिए और ऐसी जानकारी से न तो यह सूचना मिलनी चाहिए कि बोतल मे दूध पिलाना माता के दूध के समान है या उस से उत्तम है और न ही इन से ऐसा विश्वास उत्पन्न होना चाहिए। इस में अनुच्छेद 4 2 में उल्लिखित की गई सूचना भी शामिल होगी ।

7.3 इस संहिता के कार्यक्षेत्र के भीतर आने वाले उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु निर्माताओं या वितरकों द्वारा न तो स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को कोई वित्तीय या सामग्री संबंधी प्रलोभन देने चाहिए और न ही प्रलोभन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं अथवा उन के परिवार के सदस्यों द्वारा स्वीकार किए जाने चाहिएं ।

7.4 इस संहिता के कार्यक्षेत्र में आने वाले उत्पादों के निर्माताओं अथवा वितरकों को प्राप्तकर्ता स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सम्बन्धित संस्था की स्वास्थ्य कार्यकर्ता को दिए गए अथवा उस की ओर से "फैलोशिपस", अध्ययन दौरों, अनुसंधान अनुदानो, व्यावसायिक सम्मेलनों में उपस्थिति अथवा ऐसे ही अन्य प्रयोजनों के लिए दिए गए अंशदान के बारे में बताना चाहिए। इसी प्रकार की बातें प्राप्तकर्ता द्वारा भी प्रकट की जानी चाहिए ।

अनुच्छेद–8

निर्माताओं और वितरकों द्वारा नियोजित व्यक्ति

8.1 विपणन कार्मिकों के लिए बिक्री प्रोत्साहन की पद्धतियो मे इस संहिता के कार्यक्षेत्र मे आने वाले उत्पादों की बिक्री की मात्रा प्रोत्साहनो की गणना के लिए शामिल नही की जानी चाहिए और न ही विशेष तौर पर इन उत्पादो की बिक्री के ही लिए कोटे निर्धारित किए जाने चाहिए। इस का अभिप्राय यह नही है कि किसी कम्पनी द्वारा अन्य उत्पादों की कुल बिक्री पर आधारित प्रोत्साहनों के भुगतान पर अवरोध है।

8.2 इस संहिता के कार्यक्षेत्र में आने वाले उत्पादों के विपणन में नियोजित कार्मिको को गर्भवती महिलाओं अथवा शिशुओं की माताओं और छोटे बच्चों के सम्बन्ध मे शिक्षात्मक कार्यो का पालन अपनी कार्य जिम्मेदारियों के रूप में नही करना चाहिए। इस का अभिप्राय यह नही है कि सम्बंधित सरकार के समुचित प्राधिकारी के अनुरोध और लिखित अनुमोदन पर स्वास्थ्य देखभाल पद्धति द्वारा ऐसे कार्मिकों के अन्य कार्यो हेतु प्रयोग किए जाने पर अवरोध है।

अनुच्छेद–9

लेबल लगाना

9.1 लेबल इस प्रकार तैयार किए जाने चाहिए कि वे इन उत्पादो के सही प्रयोग के बारे में आवश्यक जानकारी दे सके और स्तनपान को निरुत्साहित न करे।

9 2 शिशु आहारो के निर्माताओं और वितरकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वयं प्रत्येक डब्बे पर एक उपयुक्त भाषा में स्पष्ट, सुप्रकट और आसानी से पढ़ा जा सकने वाला और समझ में आने वाला संदेश छपा हुआ हो अथवा यह संदेश एक ऐसे लेबल पर छपा हो जो आसानी से डब्बे से अलग न किया जा सके तथा उस संदेश में निम्नलिखित सभी बातें शामिल हों–

(क) "महत्वपूर्ण सूचना" शब्द अथवा इन के समकक्ष शब्द,

(ख) मां के दूध की श्रेष्ठता पर एक वक्तव्य,

(ग) इस आशय का एक वक्तव्य कि इस उत्पाद का प्रयोग इस के इस्तेमाल करने की आवश्यकता और इस्तेमाल करने की उपयुक्त विधि के बारे में किसी स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सलाह पर ही किया जाना चाहिए।

(घ) उपयुक्त रूप से तैयार करने के लिए अनुदेश और अनुचित रूप से तैयार करने से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी खतरों के बारे मे एक चेतावनी। न तो डिब्बे और लेबल पर शिशु का चित्र होना चाहिए और न ही ऐसे चित्र या पाठ को दिखाया जाना चाहिए जो कि शिशु-आहार सूत्र के प्रयोग को आदर्श रूप मे प्रस्तुत करता हो। तथापि, उन पर तैयार करने की विधि के लिए ग्राफों को दिखाया जा सकता है। "ह्युमेनाइज्ड", "मैटरनलाइज्ड" या समान शीर्षक वाले शब्दों का

प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। उपर्युक्त शर्तों के अनुसार उत्पाद और इस के उचित प्रयोग के बारे में अतिरिक्त जानकारी देने वाले शब्दों को पैकेट या रिटेल यूनिट में सम्मिलित किया जा सकता है। जब लेबलों में किसी उत्पाद को शिशु-आहार सूत्र में आशोधन किए जाने के अनुदेश दिए जाते हैं तो उपर्युक्त स्थिति लागू होनी चाहिए।

9.3 इस संहिता के क्षेत्र के भीतर आने वाले खाद्य उत्पादों, जो कि शिशु आहार सूत्र की सभी जरुरतों की पूर्ति नहीं करते हैं, परन्तु जिन्हें ऐसा करने के लिए संशोधित किया जा सकता है, पर चेतावनी का एक लेबल लगाया जाए जिस में यह लिखा गया हो कि असंशोधित उत्पाद शिशु के पोषण का एक मात्र स्रोत नहीं होना चाहिए। चूंकि संघनित मीठा दूध शिशु को पिलाने के लिए उपयुक्त नहीं है और न ही शिशु आहार सूत्र के मुख्य संघटक के रूप में प्रयोग के लिए है, इस के लेबल पर, उस प्रयोजन के लिए इस संशोधित किए जाने सम्बन्धी अभिप्रेत अनुदेश नहीं होने चाहिए।

9.4 इस संहिता के क्षेत्र के भीतर आने वाले आहार उत्पादों के लेबल में निम्नलिखित बातें भी बताई जानी चाहिए :—

(क) प्रयोग में लाए संघटक (ख) उत्पाद की संरचना/विश्लेषण,

(ग) सुरक्षित रखने के लिए अपेक्षित शर्तें और,

(घ) देश की जलवायु और सुरक्षित भण्डारण संबंधी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए वह तारीख जिस से पहले ही उत्पाद को प्रयोग में लाया जाना है और उत्पाद की बैच संख्या।

अनुच्छेद—10

गुण

10.1 शिशुओं के स्वास्थ्य के संरक्षण के लिए उत्पादों का गुण एक अत्यावश्यक तत्व है, अतः यह एक उच्च मान्यता प्राप्त मानक के अनुरूप होना चाहिए।

10.2 इस संहिता की सीमा के भीतर आने वाले खाद्य उत्पादों को जब बेचा जाये या अन्यथा वितरित किया जाये तो उन्हें भारतीय मानक संस्थान के मानकों के अनुरूप होना चाहिए।

अनुच्छेद—11

क्रियान्वयन और प्रबोधन

11.1 सरकार इस संहिता के सिद्धातों और उद्देश्यों की वैधानिक और अन्य उपयुक्त साधनों के माध्यम से कार्यान्वित करेगी। इस संहिता के सिद्धातों और उद्देश्य को कार्यान्वित करने के लिए अपनाई गई राष्ट्रीय नीतियां और उपाय, जिन में कानुन सम्मिलित है, सर्वसाधारण को बतायें जायेगें और वे इस संहिता के क्षेत्र के भीतर आने वाले उत्पादों के उत्पादन और विपणन से सम्बद्ध सभी व्यक्तियों पर समान आधार पर लागू होंगे।

11.2 इस संहिता के क्षेत्र के भीतर आने वाले उत्पादों के उत्पादकों और वितरको और उपयुक्त गैर-सरकारी संगठनों, व्यावसायिक गुणों और उपभोक्ता संगठनों से इस संहिता के क्रियान्वयन में सरकार को सहयोग देने की अपेक्षा की जाती है।

11.3 इस संहिता के क्षेत्र के भीतर आने वाले उत्पादों के निर्माताओं और वितरकों को इस संहिता के क्रियान्वयन स्वतन्त्र रूप में किए गए किन्हीं अन्य उपायों के अतिरिक्त, स्वयं को ही इस बात के लिए उत्तरदायी समझना चाहिए कि वे अपने विपणन के तरीकों का प्रबोधन इस संहिता के सिद्धातों तथा उद्देश्य के अनुसार करें तथा प्रत्येक अवस्था में अपना आचार इन्हीं सिद्धातों तथा उद्देश्य के अनुरूप सुनिश्चित करें।

11.4 गैर-सरकारी संगठनों, व्यावसायिक गुणों, संस्थाओं और सम्बन्धित व्यक्तियों को चाहिए कि इस संहिता के सिद्धातों और उद्देश्य से असंगत गतिविधियों की ओर निर्माताओं और वितरकों का ध्यान आकृष्ट करें ताकि उपयुक्त कार्यवाही की जा सके। उपयुक्त शासकीय प्राधिकारी को भी सूचित करना चाहिए।

11.5 इस संहिता के क्षेत्र के भीतर आने वाले उत्पादों के निर्माताओं और प्रारम्भिक वितरकों द्वारा विपणन कार्मिकों के अपने प्रत्येक सदस्य को इस संहिता और इस के अन्तर्गत उन के उत्तरदायित्वों के बारे में बताना होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को प्रेषित की जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

मधु सूदन दयाल,
संयुक्त सचिव

गृह मन्त्रालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

लिपिक श्रेणी परीक्षा, 1984

के नियम

नई दिल्ली, दिनांक 14 जनवरी 1983

सं० 9/3/83-के० से०-II—गृह मन्त्रालय, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सन् 1984 में निम्नलिखित सेवाओं/पदों (तथा उन अन्य सेवाओं/पदों के लिए, भी आयोग द्वारा परीक्षा के लिए आवेदन आमन्त्रित करने वाले विज्ञापन मे सम्मिलित किए जाएंगे) में अस्थाई रिक्तियों को भरने के लिए ली जाने वाली प्रतियोगितात्मक परिक्षाओं के नियम सर्वसाधारण को सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं :—

(1) भारतीय विदेश सेवा (ख) ग्रेड-VI

(2) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा-ग्रेड-II

(3) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा—अवर श्रेणी ग्रेड

(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा—अवर श्रेणी ग्रेड

(5) भारत के निर्वाचन आयोग में निम्न श्रेणी लिपिक के पद

(6) समदीय कार्य विभाग, नई दिल्ली में अवर श्रेणी लिपिक के पद

(7) महानिरीक्षक, भारत तिब्बत सीमा पुलिस दिल्ली के कार्यालय, में अवर श्रेणी लिपिक के पद

(8) केन्द्रीय सतर्कता आयोग में निम्न श्रेणी लिपिक के पद ।

उपरोक्त सेवाओं/पदों के लिए अधिमान आयोग द्वारा केवल उन्हीं उम्मीदवारों से आमन्त्रित किए जाएंगे जो टंकण परीक्षा में प्रविष्ट किए जाने के पात्र होंगे ।

2. परीक्षा के परिणाम पर भी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा समाचार-पत्रों में जारी किए गए विज्ञापन में निर्दिष्ट की जाएगी । भारत सरकार द्वारा निर्धारित रिक्तियों में भूतपूर्व सैनिक तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण किया जाएगा ।

3. (1) भूतपूर्व सैनिक से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसने संघ की सशस्त्र सेवाओं में, जिनके अन्तर्गत भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सशस्त्र सेना भी शामिल है किन्तु जिनके अन्तर्गत आसाम राइफल्स, सेना सुरक्षा और कोर, जनरल रिजर्व इन्जीनियरी बल, लोक सहायक सेना और प्रादेशिक सेना नहीं आते शपथ ग्रहण करने के पश्चात कम से कम छः मास की निरन्तर अवधि तक किसी रैंक में (चाहे योद्धा के रूप में या गैर-योद्धा के रूप में) की है, और

(क) जिसे उसके अपने अनुरोध पर या कदाचार अथवा अदक्षता के कारण पदच्युति या बर्खास्तगी के कारण के अलावा अन्य किसी रूप में निर्मुक्त कर दिया गया है, अथवा ऐसी निर्मुक्ति तक के लिए रिजर्व को स्थानान्तरित कर दिया गया है, या

(ख) जिसे यथापूर्वोक्त निर्मुक्त या रिजर्व को स्थानातरित किए जाने के लिए हकदार बनने के लिए अपेक्षित सेवा की अवधि पूरी करने के लिए अधिक से अधिक छह मास सेवा करना है; या

(ग) जिसे संघ की सशस्त्र सेनाओं में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात उसके अपने ही अनुरोध पर निर्मुक्त कर दिया गया हो ।

(2) संविधान अनुसूचित जाति आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जन जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित जन जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951 (अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति) सूचियां (संशोधन) आदेश 1956, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तरी पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति (संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा यथा संशोधित) (संविधान) (जम्मू तथा काश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1959, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति आदेश (संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा यथा संशोधित संविधान) (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 संविधान दादरा और नागर हवेली (अनुसूचित जन जाति) आदेश 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964 संविधान (अनुसूचित जन जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान गोवा, दमन और दीव (अनुसूचित जन जाति) आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1970, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976, संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1978 ।

(3) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति से अभिप्राय निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी से सम्बद्ध व्यक्ति से है :—

(क) बहरे:—बहरे व्यक्ति ऐसे व्यक्ति है जिनको जीवन के सामान्य प्रयोजन के लिए सुनने का बोध न हो, उच्च स्वर से साफ बोलने पर वे न तो बिलकुल सुन सकते हों, और न ध्वनि को समझ सकते हों, इस वर्ग में ऐसे मामले भी शामिल हैं जो ठीक कान (गम्भीर रूप से असमर्थ) 90 डेसीमल से अधिक नहीं सुन सकते हों अथवा दोनों कानों से पूर्ण रूप से नहीं सुन सकते हों ।

(ख) शारीरिक रूप से विकलांग:—शारीरिक रूप से विकलांग ऐसे व्यक्ति है जिन्हें शारीरिक दोष हो अथवा अंग—विकृति हो जिससे कार्य करने में हड्डी, पेशियों तथा जोडों में सामान्य रूप से बाधा पैदा होती हो ।

कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट—1 में विहित विधि से किया जाएगा ।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे ।

4. यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो :—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल की प्रजा, या

(ग) भूटान की प्रजा या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थाई रूप से रहने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आ गया हो, या

(ङ) ऐसा मूल भारतीय व्यक्ति हो, जो भारत से स्थाई रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका तथा पूर्वी अफ्रीका, देशों केन्या, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व तांगानिका व जंजीबार), जाम्बिया, मालावी, जायरे, इथोपिया और वियतनाम से आया हो ।

(1) परन्तु ऊपर की श्रेणी (ख) (ग) और (घ) से सम्बन्धित उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा उनके नाम दिया गया पात्रता प्रमाण-पत्र होना चाहिए ।

(2) परन्तु यह भी शर्त है कि ऊपर की श्रेणी (ख), (ग) तथा (घ) से सम्बन्धित उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा (ख), ग्रेड-6 में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे ।

किसी ऐसे उम्मीदवार को, जिसके मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक है, परीक्षा से बैठने दिया जा सकता है, परन्तु उसे नियुक्ति पत्र तभी दिया जा सकता है जब उसे वह मंत्रालय/विभाग आवश्यक प्रमाण-पत्र दे दे जो उस पद से सम्बद्ध हो जहां उम्मीदवार की नियुक्ति की सम्भावना हो ।

5 (क) इस परीक्षा में बैठने के लिए जरूरी है कि पहली अगस्त, 1984 को उम्मीदवार की आयु पूरे 18 वर्ष की हो गई हो और पूरी 25 वर्ष की न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म

2 अगस्त, 1959 से पहले और पहली अगस्त, 1966 के बाद न हुआ हो ।

(ख) उन भूतपूर्व सैनिकों के मामलों में जिन्होंने संघ की सशस्त्र सेना में कम से कम छ महीने की निरन्तर सेवा की हो उनकी सशस्त्र सेना की कुल सेवा में तीन वर्ष की वृद्धि तक ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी ।

इस आयु छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवार भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित अथवा अनारक्षित सभी रिक्तियों के लिए प्रतियोगी होने के हकदार होंगे ।

टिप्पणी :—उपरोक्त नियम 5 (ख) के प्रयोजन के लिए किसी भूतपूर्व कर्मचारी की सशस्त्र सेना में आवाहन पर सेवा (काल आफ सर्विस) की अवधि भी सशस्त्र सेना में की गई सेवा के रूप में समझी जाएगी ।

(ग) इन सभी मामलों में ऊपरलिखित ऊपरी आयु-सीमा में निम्नलिखित और छूट होगी :—

(1) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(2) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(3) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जन जाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का सद्भाविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक ।

(4) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का हो और श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 को भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक ।

(6) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, युगांडा, तंजानिया, संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो या जांबिया, मलावी, जेरे और इथोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(7) यदि उम्मीदवार बर्मा से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(8) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और बर्मा से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो तथा उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक ।

(9) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही और शांतिकाल दोनों के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किए गए रक्षा कार्मिकों का अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(10) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों के लिए, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति के हों, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक ।

(11) 1971 के भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाही में विकलांग होने के परिणामस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए सीमा-सुरक्षा बल के रक्षा कार्मिकों के लिए अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(12) 1971 के भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाही में विकलांग होने के परिणामस्वरूप सेवा से निर्मुक्त सीमा सुरक्षा बल के उन रक्षा कार्मिकों के लिए, जो अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जन जाति के हों, अधिक से अधिक 8 वर्ष तक ।

(13) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलत / भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय प्रपत्र हो) और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण-पत्र है, और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 से पहले भारत नहीं आया है, तो उसके लिए अधिक से अधिक 3 वर्ष तक ।

(14) यदि उम्मीदवार शारीरिक रूप से विकलांग हो अर्थात् जिसका कोई अंग विकृत है तो अधिक से अधिक 10 वर्ष। (अनुसूचित जातियों व जन जातियों के उन उम्मीदवारों के लिए, जो शारीरिक रूप से विकलांग भी हैं, शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों को मिलने वाली 10 वर्ष की आयु-छूट उन्हें खण्ड (1) के अन्तर्गत मिलने वाली आयु-छूट के अतिरिक्त होगी।) और

(15) ऐसी विधवाओं, तलाक शुदा महिलाओं और न्यायिक तौर पर अपने पतियों से अलग हुई महिलाओं के मामले में जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, 35 वर्ष की आयु (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति की महिलाओं के लिए 40 वर्ष तक) ।

(घ) उक्त ऊपरी आयु-सीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष तक की आयु की छूट दी जाएगी जो भारत सरकार के विभिन्न विभागों में तथा निर्वाचन आयोग के कार्यालयों में लिपिकों/सहायकों/सकलकों/भण्डार रक्षकों के पदों पर नियमित रूप से नियुक्त हैं और 1-8-1984 को जिन्होंने लिपिकों के रूप में कम से कम 3 वर्ष की निरन्तर सेवा की है और उसी रूप में कार्य करते आ रहे हैं ।

परन्तु यह भी शर्त है कि उक्त आयु की छूट उन व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी जो मंत्रालयों/विभागों और सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में (1) केन्द्रीय सचिवालय सेवा और (2) भारतीय विदेश सेवा (ख) (3) रेलवे सचिवालय सेवा और (4) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा में लिपिकों के रूप में कार्य कर रहे हैं तथा उन व्यक्तियों को जो भूतपूर्व सैनिक हैं, और भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षित रिक्तियों के लिये परीक्षा में बैठ रहे हैं ।

(ङ) उक्त ऊपरी आयु-सीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष की आयु तक छूट दी जाएगी जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और सम्बद्ध कार्यालयों में हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक के पदों पर नियुक्त हैं और 1-9-1984 को जिन्होंने हिन्दी लिपिकों/हिन्दी टंककों के रूप में कम से कम 3 वर्ष की निरन्तर सेवा की है और उसी रूप में कार्य करते आ रहे हैं।

परन्तु शर्त यह है कि उक्त आयु की छूट के अन्तर्गत परीक्षा में प्रविष्ट हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक केवल केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा मे रिक्तियों के लिये प्रतियोगिता के पात्र होंगे।

(च) ऊपरी आयु सीमा में सैनिक-लिपिको को 45 वर्ष की आयु तक की छूट दी जाएगी जो सशस्त्र सेना में अपनी कलर सेवा के अन्तिम वर्ष में हैं अर्थात् उनका जो सेना से 2 अगस्त, 1984 से पहली अगस्त 1985 की अवधि में निवृत्त होने वाले है, ऐसे उम्मीदवारों को शुल्क में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

परन्तु शर्त यह है कि उक्त आयु की छूट के अन्तर्गत परीक्षा में प्रविष्ट उम्मीदवारों को केवल सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा अन्तर्सेवा संगठनों में रिक्त स्थानो के लिये ही, जो भूतपूर्व सैनिको के लिये आरक्षित नहीं है, प्रतियोगिता के पात्र होंगे।

(छ) उन टेलीफोन आपरेटरों के लिये कोई ऊपरी आयु सीमा नही होगी, जो दिनांक पहली अगस्त, 1984 का विदेश मंत्रालय में नियुक्त होंगे और जिनकी नियुक्ति यथावत् जारी रहेगी।

(ज) कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के दिनांक 1-7-1983 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 22011/15/81—स्था० (घ) के अनुसार उन स्टाफ कार ड्राइवरो के लिये 35 वर्ष तक की ऊपरी आयु सीमा मे छूट दी गई है, जो अवर श्रेणी लिपिक के पद पर नियुक्ति के लिये शैक्षिक रूप से अर्हता रखते हो और जिन्होने उक्त ग्रेड में कम से कम 3 वर्ष की नियमित सेवा कर ली हो।

टिप्पणी :—1. डाक व तार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त रेल डाक छंटाईकारों की सेवा उपर्युक्त नियम 5(घ) के प्रयोजन के लिये लिपिक के ग्रेड में की गई मानी जाएगी।

टिप्पणी :—2—यदि किसी उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम 5(घ), नियम 5 (ङ) और नियम 5 (क) मे उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अन्तर्गत परीक्षा मे बैठने दिया गया हो और यदि आवेदन-पत्र देने के बाद परीक्षा में बैठने से पहले या बाद में, वह नौकरी से त्यागपत्र दे दे या उसके विभाग द्वारा उसकी सेवायें समाप्त कर दी जाएं, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है, लेकिन यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद सेवा या पद से उसकी छंटनी हो जाए तो वह पात्र बना रहेगा।

टिप्पणी :—3—किसी लिपिक का जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी निःसंवर्ग पद (एक्स-कैडर-पोस्ट) पर प्रतिनियुक्ति हो, अन्य सब प्रकार से पात्र होने पर परीक्षा में बैठने दिया जाएगा।

टिप्पणी :—4—विदेश मंत्रालय में भाग ले रहे कार्यालयों/विभागों में काम कर रहा कोई स्थाई अथवा अस्थाई टेलीफोन आपरेटर इस परीक्षा में बैठने का पात्र होगा परन्तु किसी टेलीफोन आपरेटर को परीक्षा पास करने के लिये दो से अधिक अवसर प्रदान नहीं किये जायेंगे। जो टेलीफोन आपरेटर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अन्य असंवर्ग पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हों, वे इस परीक्षा में प्रवेश के पात्र होंगे यदि वे अन्यथा पात्र हों। यह उस व्यक्ति पर भी लागू होगा जो किसी अन्य असंवर्ग पद या स्थानांतरण पर किसी अन्य सेवा में नियुक्त किया गया है, यदि उस समय टेलीफोन आपरेटर के पद मैं उसका पुनर्ग्रहणाधिकार है।

टिप्पणी :—5—जहां तक इस नियम की उप० श्रेणी (छ) के अन्तर्गत आने वाले व्यक्तियों का संबंध है, यह परीक्षा अर्हक होगी, प्रतियोगितात्मक नहीं उनको टंकण परीक्षा में नहीं बैठना होगा। जो इस परीक्षा का एक भाग है। उन्होंने पहले से टंकण परीक्षा पास नहीं कर रखी होगी तो उन्हे इस आयोग द्वारा ली गई कोई आवर्ती टंकण परीक्षा निम्न श्रेणी लिपिक के रूप में उसकी नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के अन्दर पास करनी होगी यदि वे यह परीक्षा पास नहीं करेंगे तो उन्हे कोई वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जाएगी। जब तक कि वे कथित परीक्षा पास नहीं कर लेंगे। आयोग द्वारा सिफारिश किया गया टेलीफोन आपरेटर केवल भारतीय विदेश सेवा ख—ग्रेड VI में लिया जाएगा।

ऊपर बताई गई स्थितियो के अलावा निर्धारित आयु-सीमाओ मे किसी हालत मे छूट नहीं दी जा सकेगी।

6. भारत में केन्द्रीय अथवा राज्य विधान मंडल के किसी अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक की परीक्षा अथवा माध्यमिक विद्यालय, उच्च विद्यालय के अन्त में किसी राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा ली जाने वाली परीक्षा या कोई अन्य प्रमाण-पत्र जो उस राज्य सरकार/भारत सरकार द्वारा सेवाओं में प्रवेश के लिये मैट्रिक प्रमाण पत्र के समकक्ष माना जाता हो वह परीक्षा उम्मीदवारों द्वारा अवश्य पास की होनी चाहिए।

टिप्पणी :—1—यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठा हो जिसके पास करने से सह आयोग की परीक्षा के लिए शैक्षणिक रूप से पात्र हो जाएगा परन्तु जिसका परिणाम उसे सूचित न किया गया हो तथा ऐसा उम्मीदवार भी जो किसी ऐसी अर्हक परीक्षा में बैठने का विचार कर रहा हो, वह आयोग की परीक्षा में प्रवेश का पात्र नहीं होगा।

टिप्पणी :—2—कुछ विशिष्ट मामलो में, जहां कि उम्मीदवार के पास उक्त नियमो के अनुसार कोई उपाधि नहीं है केन्द्रीय सरकार उसे अर्हता-प्राप्त उम्मीदवार मान सकती है बशर्ते कि वह उस स्तर तक अर्हता प्राप्त हो जो उस सरकार की राय में परीक्षा में प्रवेश करने के लिये यथोचित है।

7. (1) जिस व्यक्ति ने :—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह अनुबध किया है, जिसका/जिसकी पति/पत्नी जीवित है, या

(ख) जिसने जीवित पति या पत्नी के होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है, तो वह सेवा में नियुक्ति के लिये तब तक पात्र नहीं माना जाएगा जब तक कि केन्द्रीय सरकार संतुष्ट न हो जाए कि ऐसे व्यक्ति को विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू वैयक्तिक कानून के अनुसार ऐसा विवाह स्वीकार है तथा ऐसा करने के अन्य कारण है और जब तक उसकी इस नियम से छूट न दे दे।

2. जिस व्यक्ति ने विदेशी राष्ट्रिक से विवाह किया है, वह भारतीय विदेश सेवा ख ग्रेड -VI की नियुक्ति के लिये पात्र नहीं माना जाएगा।

8. जो उम्मीदवार पहले से स्थाई अस्थाई रूप मे सरकारी नौकरी मे हों, वह परीक्षा में बैठने के लिये सीधे आवेदन कर सकता है परन्तु उसे टंकण परीक्षा में बैठने की अनुमति से पहले अपने कार्यालय से एक अनापत्ति प्रमाण-पत्र भेजना होगा।

9. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमे कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा/पद के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने में बाधक हो। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे मे यह ज्ञात हुआ कि वह इन अपेक्षाओं

को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों को डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिन पर नियुक्ति के लिये विचार किये जाने की सम्भावना होगी।

टिप्पणी :—अशक्त भूतपूर्व रक्षा व्यक्तियों/कार्मिकों के मामले में रक्षा सेवा के सैन्य विघटन डाक्टरी बोर्ड (डीयाबोलाइजेशन मेडिकल बोर्ड) द्वारा दिया गया स्वस्थता प्रमाण पत्र नियुक्ति के प्रयोजन के लिये पर्याप्त समझा जाएगा।

10. परीक्षा में बैठने के लिये उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

11. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक उसके पास आयोग का प्रवेश-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो।

12. सशस्त्र सेना से निवृत्त भूतपूर्व सैनिक तथा जिन्हें आयोग के विज्ञापन के अन्तर्गत शुल्क में छूट दी गई है, को छोड़कर सभी उम्मीदवारों से निर्धारित शुल्क देना होगा।

13. यदि उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी के लिये किसी प्रकार की सहायता प्राप्त करने का यत्न किया तो उसे परीक्षा में प्रवेश के लिये अयोग्य माना जा सकता है।

14. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो जबकि उसने :—

(i) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छदम रूप में कार्य साधन कराया

(iv) है अथवा जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये हैं जिनमें तथ्यों को बिगाडा गया हो, अथवा

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिये हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(vii) परीक्षा भवन में अनुचित तरीके अपनाये हैं, अथवा

(viii) परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है, अथवा

(ix) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया है तो उस पर आपराधिक अभियोगी (क्रिमिनल प्रासीक्युशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे :—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए, अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए

(i) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिये,

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, अथवा

(ग) उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है यदि वह पहले से सरकारी नौकरी में हो,

15. परीक्षा के बाद उन उम्मीदवारों को जो टंकण परीक्षा में पास होंगे अथवा जिनको छूट मिल जाएगी लिखित परीक्षा में प्रत्येक उम्मीदवार को अन्तिम रूप से दिए गए कुल अंकों के आधार पर बने श्रेष्ठता-क्रम में रखा जाएगा अथवा उसी क्रम में जितने उम्मीदवार आयोग द्वारा परीक्षाओं में पास हुए पाए जाएंगे उनकी अनारक्षित रिक्तियों की संख्या तक नियुक्ति के लिए सिफारिश की जाएगी।

लेकिन यह भी शर्तें है कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या सामान्य स्तर के अनुसार न भरी गई तो उनके लिए आरक्षित स्थानों की पूर्ति के लिए आयोग निर्धारित सामान्य स्तर में रिआयत देकर भी अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के सदस्यों के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या तक स्थानों पर परीक्षा में उनके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान दिए बिना ही, उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश कर सकता है, बशर्ते कि वे सेवा में चुने जाने के योग्य हों।

आगे यह भी शर्तें हैं कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या सामान्य स्तर के अनुसार न भरी गई तो उनके लिए आरक्षित स्थानों की पूर्ति के लिए आयोग सामान्य स्तर में रिआयत देकर भी भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित स्थानों में से अनुसूचित जाति/अनुसूचित आदिम जाति भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या तक स्थानों पर, परीक्षा में उनके योग्यता क्रम पर ध्यान दिए बिना ही उनकी नियुक्ति के लिए सिफारिश कर सकता है, बशर्ते कि वे सेवा में चुने जाने के योग्य हों।

16. परीक्षा-परिणाम के आधार पर नियुक्तियां करते समय किसी उम्मीदवार द्वारा आवेदन-पत्र देते समय विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए बताई गई प्राथमिकताओं का समुचित ध्यान रखा जाएगा।

17. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा-फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग अपने विवेकानुसार करेगा और आयोग परीक्षा-फल के संबंध में उससे कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

18. आवश्यक जांच के बाद जब तक सरकार संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है, तब तक परीक्षा में पास हो जाने मात्र से नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता।

एच० जी० मण्डल,
अवर सचिव

परिशिष्ट-I

1. परीक्षा दो भागों में ली जाएगी अर्थात् भाग-I लिखित परीक्षा और भाग-II टंकण परीक्षा।

भाग I—लिखित परीक्षा—लिखित परीक्षा के विषय, परीक्षा के लिए दिया गया समय और प्रत्येक विषय के पूर्णांक इस प्रकार होंगे :—

पत्र सं०	विषय	पूर्णांक	दिया गया समय
1.	अंग्रेजी भाषा	150	1 1/2 घंटा
2.	सामान्य अध्ययन	150	1 1/2 घंटा

भाग II—टंकण परीक्षा—टंकण परीक्षा में लगातार टाइप करने की सामग्री (रनिंग मैटर) का एक 10 मिनट का पत्र होगा।

2. अंग्रेजी भाषा तक सामान्य ज्ञान के प्रश्न-पत्र आबजैक्टिव टाइप के होंगे।

3. टंकण परीक्षा अर्थात् परीक्षा की योजना के भाग II में बैठने के लिए केवल वहीं उम्मीदवार पात्र होंगे जो लिखित परीक्षा में आयोग के विवेकानुसार निश्चित किया गया एक न्यूनतम मानक प्राप्त करेंगे।

4. परीक्षा के नियमों के नियम 15 के अनुसार केवल वे ही उम्मीदवार नियुक्ति के लिए सिफारिश के पात्र होंगे जो अंग्रेजी में कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अथवा हिन्दी में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण परीक्षा पास करेंगे।

(यह विदेश मंत्रालय में नियुक्त टेलीफोन आपरेटरों पर लागू नहीं होता)

टिप्पणी I—जिन उम्मीदवारों ने संघ लोक सेवा आयोग अथवा सचिवालय प्रशिक्षणशाला या सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान या अधीनस्थ सेवा

आयोग या कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित टकण परीक्षा अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अथवा हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की गति से पहले ही पास कर ली हो उन्हें इस परीक्षा में बैठने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे उम्मीदवारों को पास की गई टकण परीक्षा में अपना रोल नम्बर तथा परीक्षा की तारीख बतानी चाहिए।

टिप्पणी—1 जो उम्मीदवार किसी शारीरिक अशक्तता के कारण टकण परीक्षा पास करने के लिए स्थायी रूप से अयोग्य होने का दावा करता है, उसे गृह मंत्रालय, कार्मिक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग में केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से इस परीक्षा के देने और पास करने की शर्त से छूट दी जा सकती है बशर्ते कि ऐसे उम्मीदवार को जब टकण परीक्षा देने के लिए कहा जाए तो वह सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी अर्थात् सिविल सर्जन से निर्धारित प्रपत्र में एक प्रमाण-पत्र आयोग को प्रस्तुत करे जिसमें उसकी किसी शारीरिक अशक्तता के कारण टकण परीक्षा पास करने के लिए स्थायी रूप से अयोग्य घोषित किया गया हो।

5. उम्मीदवारों को टकण परीक्षा के लिए अपनी टाईप मशीन लानी होगी। स्टेन्डर्ड साईज के रोलर वाली मशीन टाईप के लिए काम दे सकेंगी।

6. उम्मीदवारों को छूट होगी कि टकण परीक्षा हिन्दी (देवनागरी) लिपि) में दें अथवा अंग्रेजी में।

7. टकण परीक्षा के उत्तर हिन्दी (देवनागरी लिपि) में देने के इच्छुक उम्मीदवारों को अपना इरादा आवेदन पत्र में स्पष्टतः लिख देना चाहिए अन्यथा यह समझा जाएगा कि वे टकण परीक्षा अंग्रेजी में देंगे। एक बार चुना हुआ विकल्प अन्तिम होगा और इसके परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध साधारणतः स्वीकार नहीं होगा। उम्मीदवार द्वारा चुनी गई भाषा के सिवाय किसी अन्य भाषा में टकण परीक्षा देने पर कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

8. लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम इस परिशिष्ट की अनुसूची में दिया गया है।

9 उम्मीदवार को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

10 आयोग अपने विवेकानुसार परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों में अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक निर्धारित कर सकता है।

अनुसूची

भाग 1—लिखित परीक्षा में सम्मिलित विषयों का पाठ्यक्रम

1. अंग्रेजी भाषा तथा सामान्य ज्ञान —

(क) अंग्रेजी भाषा में प्रश्न इस प्रकार के होंगे जिनसे यह पता लगाया जा सके कि उम्मीदवार को अंग्रेजी व्याकरण शब्द भंडार वर्ण-विन्यास समानार्थक, विपरीतार्थक शब्दों का कितना ज्ञान है तथा अंग्रेजी भाषा के सही और गलत प्रयोग को समझने की शक्ति तथा उनमें विवेक करने की योग्यता कितनी है।

(ख) सामान्य ज्ञान :—

भारत का संविधान, भारतीय इतिहास तथा संस्कृति, भारत का सामान्य एवं आर्थिक भूगोल, सामयिक घटनाओं और प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने वाले ऐसे विषयों की जानकारी तथा उनके वैज्ञानिक पक्षों का अनुभव जिनकी किसी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है। उम्मीदवार के उत्तर ऐसे होने चाहिए जिनसे यह पता चले कि उन्होंने प्रश्नों को बुद्धिमतापूर्वक समझ लिया है। तथा किसी पाठ्य पुस्तक का विस्तृत अध्ययन नहीं किया है।

परिशिष्ट—II

उन सेवाओं/पदों से संबंधित संक्षिप्त विवरण जिनके लिए इस परीक्षा द्वारा भर्ती की जा रही है।

(क) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा

केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के निम्नलिखित दो ग्रेड हैं :—

1 उच्च श्रेणी ग्रेड रु० 330—10—380—द० रो०—12—500—द० रो०—15—560।

2 अवर श्रेणी ग्रेड रु० 260—6—290—द० रो०—6—326—8—366—द० रो०—8—390—10—400।

2 अवर श्रेणी ग्रेड में नियुक्त व्यक्तियों को दो वर्ष तक की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रखा जाएगा। इस अवधि के दौरान वे सरकार द्वारा यथा निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। और विभागीय परीक्षाएं पास करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान पर्याप्त प्रगति न दिखाने पर या परीक्षाएं पास न कर सकने पर परिवीक्षाधीन व्यक्ति नौकरी से हटाया जा सकता है।

3. परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार परिवीक्षाधीन लिपिक की पुष्टि कर सकती है या यदि उसका कार्य या आचरण सरकार की राय में असंतोषजनक रहा हो, उसे सेवा से निकाला जा सकता है या सरकार उसकी परिवीक्षा की अवधि जितना बढ़ाना उचित समझे, बढ़ा सकती है।

4. अवर श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्तियों को केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा योजना में भाग लेने वाले मंत्रालयों या कार्यकर्ता कार्यालयों में से किसी एक में नियुक्त कर दिया जाएगा। उनकी किसी भी समय किसी भी ऐसे अन्य मंत्रालय या कार्यालय में बदली भी हो सकती है जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा योजना में भाग ले रहे हों।

5 अवर श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्ति इस संबंध में समय समय पर लागू नियमों के अनुसार उच्च श्रेणी ग्रेड में पदोन्नत किए जाने के पात्र होंगे। स्थायी या नियमित रूप से नियुक्त किए गए अस्थायी अवर श्रेणी लिपिक, जो सरकार द्वारा इस संबंध में यथानिर्दिष्ट निर्णायक तारीख को 5 वर्ष की अनुमोदित या निरन्तर सेवा अवधि पूरी कर चुकेंगे, वे उच्च श्रेणी लिपिक की सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

6 अवर श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्ति इस संबंध में सरकार द्वारा निर्धारित तारीख को कम से कम दो वर्ष अनुमोदित तथा निरन्तर सेवा करने के बाद श्रेणी—"घ" के आशुलिपिकों की परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। इस परीक्षा के लिए अधिकतम आयु सीमा निर्णायक तारीख को 50 वर्ष होनी चाहिए।

7 जिन लोगों की नियुक्ति केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में उनकी इच्छा के अनुसार की जाएगी, वे उन नियुक्ति के पश्चात भारतीय विदेश सेवा (ख) के काडर में अथवा रेलवे बोर्ड के सचिवालय लिपिक सेवा योजना में शामिल किसी पद पर स्थानान्तरण या नियुक्ति की मांग ही कर सकेंगे।

(ख) रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा

रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा रेल मंत्रालय में नियुक्त अवर श्रेणी लिपिकों की सेवा की शर्तें नियुक्ति, प्रशिक्षण, पदोन्नति, आदि रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा नियम, 1970 से जो समय-समय पर बने हैं, संचालित होती हैं।

2 रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा की निम्नलिखित दो श्रेणियां हैं :—

उच्च श्रेणी लिपिक—रु० 330—10—380—द० रो०—12—500—द० रो०—15—560।

अवर श्रेणी लिपिक—रु० 260—6—290—द० रो०—6—326—8—366—द० रो०—8—390—10—400।

3. सीधी भर्ती केवल अवर श्रेणी लिपिकों के ग्रेड मे ही की जाती है। अवर श्रेणी ग्रेड में भर्ती हुए व्यक्ति दो साल के लिए परिवीक्षाधीन रहेगें और इस अवधि में उन्हें वैसे प्रशिक्षण प्राप्त करने होंगे और वैसी विभागीय परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना होगा जो सरकार द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान पर्याप्त प्रगति न दिखलाने पर अथवा परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर उन्हें सेवा से हटाया जा सकता है।

4. निम्न श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्ति इस संबंध में समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार उच्च श्रेणी ग्रेड में पदोन्नति के पात्र होंगे। ऐसे स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त निम्न श्रेणी लिपिक, जो इस संबंध में सरकार द्वारा निर्धारित निर्णायक तारीख को रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में 5 वर्ष की अनुमोदित तथा लगातार सेवा पूरी कर चुके हों, रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा की उच्च श्रेणी ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

5. निम्न श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्ति इस संबंध में सरकार द्वारा यथानिर्धारित निर्णायक तारीख को कम से कम 2 वर्ष की अनुमोदित तथा लगातार सेवा पूरी कर चुकने के बाद, रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा की श्रेणी "घ" के लिए ली जाने वाली सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा में बैठने के पात्र होगे। इस परीक्षा के लिए उपरी आयु सीमा निर्णायक तारीख को 45 वर्ष है।

6. रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा रेल मंत्रालय तक सीमित है। और उसके कर्मचारी केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा की भांति अन्य मंत्रालयों में स्थानान्तरित नही हो सकते है।

7. रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के सदस्य जो इन नियमों के अधीन भर्ती किए गए हैं :—

(1) पेंशन के लाभों के हकदार होंगे, और

(2) जब वे नौकरी में नियुक्त हुए हो, उस तारीख को नियुक्त रेलवे कर्मचारियों के लिए लागू और अंशदायी राज्य रेलवे भविष्य निधि के नियमों के अधीन उस निधि में अंशदान करेंगे।

8. रेल मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारी अन्य रेलवे कर्मचारियों की भांति ही बराबर की मात्रा में प्रिविलेज पासों और टिकट आर्डरों के हकदार होंगे।

9. जहां तक छुट्टी तथा सेवा की अन्य शर्तों का संबंध है, रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा में शामिल कर्मचारियों को, उसी प्रकार की सुविधाएं हैं। जैसी कि अन्य रेल कर्मचारियों को किन्तु चिकित्सा सुविधाएं है। उन्हें दूसरे केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी, जिनके मुख्यालय नई दिल्ली है, के समान हैं। अनुबन्ध–II

ग–भारतीय विदेश सेवा (ख)–ग्रेड–VI

वेतनमान : रु० 260–6–290–द० रो० 6-326-द० रो०-8-390-10-400

भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड VI में नियुक्त किए गए अधिकारी, उक्त ग्रेड में आठ वर्षों की सेवा पूरी करने पर रु० 330–10–380–द० रो०–12–500–द० रो०–15–560 के वेतनमान में ग्रेड–V में पदोन्नति के लिए पात्र है।

2. भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड–V अधिकारी उक्त ग्रेड में पांच वर्षों की सेवा पूरी करने पर रु० 425–15–500–द० रो०–15–560 –20–700–द० रो०–25–800 के वेतनमान में अपनी पारी पर उक्त सेवा के ग्रेड–IV में नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।

3. भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड–VI के अधिकारी, रु० 330–10–380–द० रो०–12–500–द० रो०–15–560 के वेतनमान में उक्त ग्रेड में अपेक्षित वर्षों की सेवा पूरी करने पर सीमित विभागीय परीक्षा के आधार पर सेवा के उप-संवर्ग में आशुलिपिकों के ग्रेड–III में पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।

4. ग्रेड–VI के ऐसे अधिकारी, जो स्नातक है, रु० 425–15–500–द० रो०–15–560–20–700–द० रो०–25–800 के वेतनमान मे, उक्त ग्रेड में अपेक्षित वर्षों की सेवा पूरी करने पर सीमित विभागीय परीक्षा के माध्यम से भा० वि० से० (ख) के उप-संवर्ग मे सहायक के ग्रेड में पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।

5. भारतीय विदेश सेवा (ख) में नियुक्त किए गए उम्मीदवार या तो मुख्यालय पर भारत के किसी भी स्थान में अथवा विदेश में, जहां नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा उन्हे तैनात किया जाता है, किसी पद पर सेवा करनी होगी।

6 विदेश सेवा के दौरान, भा० वि० से० (ख) के अधिकारियों को, उनके मूल वेतन के अतिरिक्त, उन दरों पर विदेश भत्ता मंजूर किया जाएगा जो संबंधित मुल्को के निर्वाह व्यय आदि के आधार पर समय-समय पर मंजूर किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय विदेश सेवा (पी० एल० सी० ए०) नियम 1961 के अनुसार, जो भारतीय विदेश सेवा (ख) अधिकारियों के लिए लागू है, विदेश सेवा के दौरान निम्नलिखित सुविधायें भी स्वीकार्य होंगी :—

(I) सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्ड के आधार पर नि:शुल्क आवास।

(II) सहयोजित चिकित्सा परिचर्या योजना के अधीन चिकित्सा परिचर्या सुविधाएं।

(III) भारत में किसी निकट संबंधी, जिसका निर्धारण सरकार करेगी, की मृत्यु अथवा गंभीर बीमारी जैसी संकटकालीन परिस्थितियों के लिए अधिकारी की सेवा के दौरान ड्यूटी स्थान से भारत में आने और वापस जाने संबंधी अधिकतम दो बार वापसी हवाई यात्रा व्यय।

(IV) कतिपय शर्तों पर, भारत में अध्ययन कर रहे 6 से 22 वर्ष की आयु वाले बच्चों को छुट्टी के दौरान अपने माता-पिता के पास जाने के लिए वार्षिक वापसी हवाई किराया।

(V) कतिपय शर्तों पर अधिकारी के विदेशों में तैनाती स्थान पर अध्ययन कर रहे 5 से 18 वर्ष की आयु के बीच वाले अधिकतम दो बच्चों के शिक्षा संबंधी व्यय को सरकार पूरा करती है।

(VI) उपस्कर भत्ता—रुपए 1,750/- विदेश में प्रति तैनाती।

(VII) निर्धारित नियमों के अनुसार अधिकारी और उसके परिवार के लिए स्वदेश छुट्टी यात्रा व्यय।

सेवा में नियुक्ति, स्थायीकरण और वरिष्ठता संबंधी शर्तें भारतीय विदेश सेवा (ख) (भर्ती संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम, 1964 की संगत उपबंधों और किन्ही अन्य नियमों अथवा आदेशो जिन्हें सरकार बाद में बनाए, द्वारा भी शासित होंगी।

(घ) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा में निम्नलिखित ग्रेड है :—

उच्च श्रेणी ग्रेड :—रु० 330–10–380–द० रो०–12–500–द० रो०–15–560।

अवर श्रेणी ग्रेड :—रु० 260–6–290–द० रो०–6–326–8–366–द० रो०–8–390–10–400।

उच्च श्रेणी लिपिक ग्रेड में पद अवर श्रेणी लिपिकों में से पदोन्नति द्वारा भरे जाते है। सीधी भर्ती केवल अवर श्रेणी ग्रेड में ही की जाती है।

2. अवर श्रेणी ग्रेड में भर्ती किए गए व्यक्ति दो वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेगे। यह अवधि सक्षम अधिकारी के विवेक पर बढाई जा सकती है। इस अवधि में असंतोषजनक सेवा रिकार्ड के परिणामस्वरूप परिवीक्षाधीन व्यक्ति को सेवा से हटाया जा सकता है। परिवीक्षा की अवधि में उन्हें समय-समय पर यथा-विहित प्रशिक्षण लेना पड़ सकता है तथा परीक्षा भी पास करनी पड़ सकती है।

3. अवर श्रेणी लिपिक समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार पुष्टिकरण तथा पदोन्नति के पात्र होंगे।

4. मुख्यालय में भर्ती किए गए अवर श्रेणी लिपिक आमतौर पर दिल्ली/नई दिल्ली स्थित सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा अन्तर सेवा संगठनों के किसी कार्यालय में नियुक्त किए जाएंगे। किन्तु लोक हित में भारत में कहीं भी उनकी बदली की जा सकती है।

5. छुट्टी चिकित्सा सहायता तथा सेवा की अन्य शर्तें वही हैं जो सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा अन्तर सेवा संगठनों में नियुक्त अन्य लिपिक वर्गीय कर्मचारियों पर लागू होती हैं।

(ङ) संसदीय मामलों का विभाग

इस विभाग में निम्न श्रेणी लिपिकों के पदों का वेतनमान रु० 260—6—290—द० रो०—326—8—366—द० रो०—8—390—10—400 है।

प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम चुनाव करके सेवा में नियुक्त उम्मीदवारों को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रखा जाएगा।

(च) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में निम्न श्रेणी लिपिक का वेतनमान रु० 260—6—290—द० रो०—6—326—8—366—द० रो०—8—390—10 है।

इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर पदों पर नियुक्त उम्मीदवार दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन होंगे।

(छ) केन्द्रीय सतर्कता आयोग तथा निर्वाचन आयोग

1. आयोग में निम्न श्रेणी लिपिक के पद का वेतनमान रु० 260—6—290—द० रो०—6—326—8—366—द० रो०—8—390—10—400 है।

2. केन्द्रीय सतर्कता आयोग तथा निर्वाचन आयोग में निम्न श्रेणी लिपिकों के पद के०म०लि० सेवा में शामिल नहीं है।

3. नियुक्त किए गए व्यक्ति 2 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन होंगे।

4. केन्द्रीय सतर्कता आयोग में 5 वर्ष तथा निर्वाचन आयोग में 8 वर्ष की सेवा पूरी करने के पश्चात वे उच्च श्रेणी लिपिक ग्रेड में पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।

गृह मंत्रालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 14 जनवरी, 1984

सं० 11013/1/83-आई० ई० एस०—निम्नलिखित सेवाओं में ग्रेड IV की रिक्तियों को भरने के लिए 1984 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जाते हैं :—

(i) भारतीय अर्थ सेवा, और

(ii) भारतीय सांख्यिकी सेवा,

2. परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियो की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में बताई जाएगी। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारो के लिए रिक्तियों का आरक्षण सरकार द्वारा यथा निर्धारित रूप में किया जाएगा।

3. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमो के परिशिष्ट-I में निर्धारित ढंग से ली जाएगी।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किए जायेंगे

4. उम्मीदवार :—

(क) भारत का नागरिक, या

(ख) नेपाल की प्रजा, या

(ग) भूटान की प्रजा

अवश्य हो या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया था,

(ङ) कोई भारत मूलक व्यक्ति, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, कीनिया, उगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) के पूर्वी अफ्रीकी देशों, जांबिया मालावी, जेरे, इथियोपिया और वियतनाम से प्रव्रजन कर आया हो।

परन्तु (ख) (ग), (घ) और (ङ), वर्गों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता (एलिजीबिलिटी) प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

जिस उम्मीदवार के मामले में पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है किन्तु उसे नियुक्ति प्रस्ताव केवल तभी दिया जा सकता है जब भारत सरकार द्वारा उसे आवश्यक पात्रता प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया हो।

5. (क) उम्मीदवार के लिये आवश्यक है कि उसकी आयु 1 जनवरी, 1984 को 21 वर्ष पूरी हो किन्तु 28 वर्ष न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1956 से पहले और 1 जनवरी, 1963 के बाद नहीं हुआ हो।

टिप्पणी :— उम्मीदवार ध्यान दें कि 1985 में तथा उसके बाद आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिये उपर्युक्त उप-नियम (क) में निर्धारित ऊपरी आयु-सीमा 26 वर्ष तक कम कर दी गई है।

(ख) ऊपर बताई गई अधिकतम आयु सीमा में निम्नलिखित मामलों में छूट दी जाएगी :—

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन-जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष।

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बांगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जन जाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बांगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष।

(iv) यदि उम्मीदवार श्री लंका से वास्तविक या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो, और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष।

(v) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का हो और श्रीलंका से वास्तविक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो, तथा अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष।

(vi) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलत; भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय पारपत्र हो), है और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण-पत्र है, और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 से पहले भारत नहीं आया है, तो उसके लिए अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(vii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और वियतनाम से वस्तुतः प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो (जिसके पास भारतीय पारपत्र हो) और ऐसा भी उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपात काल का प्रमाण-पत्र हो और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 के बाद भारत आया हो तो उसके लिए अधिक से अधिक आठ वर्ष तक।

(viii) यदि उम्मीदवार बर्मा से वास्तविक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(ix) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और बर्मा से वास्तविक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो तथा उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(x) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांति ग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाई के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किए गए रक्षा कार्मिकों को अधिक से अधिक तीन वर्ष ।

(xi) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाई के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों के लिए, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति के हों, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(xii) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, उगांडा और तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो या जांबिया, मलावीजेरे, और इथियोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष ।

(xiii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और भारत मूलक वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति हो और कीनिया, उगांडा या तंजानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) से प्रवासित हो या जांबिया, मलावी, जेरे और इथियोपिया से भारत मूलक प्रत्यावर्तित व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(xiv) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपा-त कालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 जनवरी, 1984 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्य मुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 जनवरी, 1984 से छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक ।

(xv) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपात-कालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 जनवरी, 1984 को कम से कम पांच वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्य मुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 जनवरी, 1984 से छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) तथा जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के हैं उनके मामले में अधिक से अधिक दस वर्ष तक।

(xvi) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पश्चिम पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है जो पहली जनवरी, 1971 और 31 मार्च, 1973 की अवधि के दौरान भारत प्रव्रजन कर चुका था तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक ।

(xvii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है और भूतपूर्व पश्चिम पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी है जो पहली जनवरी, 1971 और 31 मार्च, 1973 की अवधि के दौरान भारत प्रव्रजन कर चुका था तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक ।

ऊपर दी गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती ।

6. भारतीय अर्थ सेवा के लिये उम्मीदवार के पास केन्द्र या राज्य विधान मंडल के अधिनियम द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय की या संसद् के अधिनियम 1956 द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मान्य किसी अन्य शिक्षा संस्थाओं की अर्थशास्त्र या सांख्यिकी विषय सहित डिग्री होनी चाहिए और भारतीय सांख्यिकी सेवा के लिए उम्मीदवारों के पास सांख्यिकीय या गणित या अर्थशास्त्र सहित डिग्री अथवा उसके समकक्ष योग्यता होनी चाहिए ।

टिप्पणी I यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसे उत्तीर्ण कर लेने पर वह इस परीक्षा में बैठने का पात्र हो जाता है किन्तु अभी उसे परीक्षा परिणाम की सूचना न मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन कर सकता है । जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हक परीक्षा में बैठना चाहता हो, वह भी आवेदन कर सकता है । यदि ऐसे उम्मीदवार अन्य शर्तें पूरी करते हों, तो उन्हें इस परीक्षा में बैठने दिया जाएगा । परन्तु परीक्षा में बैठने की अनुमति अनन्तिम मानी जाएगी और यदि वे अर्हक परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण जल्दी से जल्दी और हर हालत में 1 अक्तूबर, 1984 तक प्रस्तुत नहीं करते हों तो यह अनुमति रद्द की जा सकती है।

टिप्पणी II विशेष परिस्थितियों में, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश के योग्य माना जा सकता है जिसके पास पूर्वोक्त योग्यताओं में से कोई भी योग्यता न हो बशर्ते कि उस उम्मीदवार ने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित कोई ऐसी परीक्षाएं उत्तीर्ण की हों, जिनके स्तर को देखते हुए आयोग उसको परीक्षा में प्रवेश देना उचित समझे ।

टिप्पणी III यदि कोई उम्मीदवार अन्यथा अर्हता प्राप्त हो, किन्तु उसने किसी विदेशी विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की हो तो वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और आयोग यदि उचित समझे तो उसे परीक्षा में प्रवेश दे सकता है।

7. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के पैरा 6 में निर्धारित फीस अवश्य देनी होगी ।

8. सभी उम्मीदवार जो सरकारी नौकरी में आकस्मिक या दैनिक दर कर्मचारी से इतर स्थायी या अस्थायी हैसियत से या कार्य-प्रभारित कर्मचारियों की हैसियत से काम कर रहे हैं अथवा जो सरकारी उद्यमों में कार्यरत हैं उन्हें यह परिवचन (अंडरटेकिंग) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है ।

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से सम्बद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन पत्र अस्वीकृत/उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

9. परीक्षा में बैठने के लिये उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

10. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमीशन) न हो ।

11. जिस उम्मीदवार ने

(i) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया हो, अथवा

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से परीक्षा दिलाई है अथवा

(iv) जाली प्रलेख या ऐसे प्रलेख प्रस्तुत किए हैं जिनमें तथ्यों में फेरबदल किया गया हो, अथवा

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) परीक्षा में उम्मीदवारी के सम्बन्ध में किसी अन्य अनियमित, अथवा अनुचित उपाय का सहारा लिया है, अथवा

(vii) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, अथवा

(viii) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हों, अथवा

(ix) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, अथवा

(x) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या उन्हें किसी प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो अथवा

(xi) परीक्षा की अनुमति देते हुए उम्मीदवारों को भेजे गए प्रमाण-पत्रों के साथ जारी अनुदेशों का उल्लंघन किया है, अथवा

(xii) पूर्वोक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य को करने या करने के लिए अवप्रेरित करने का प्रयास किया हो,

तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे —

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा में जिसका वह उम्मीदवार है बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप अथवा एक विशेष अवधि के लिए

(i) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन में

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से अपवर्जित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक —

(i) उम्मीदवार को इस सम्बन्ध में लिखित अभ्यावेदन, जो वह देना चाहे प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो और

(ii) उम्मीदवार द्वारा अनुज्ञात समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो।

12 जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उतने न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेगा जितने आयोग अपने निर्णय से निश्चित करेगा उसे आयोग व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाएगा।

किन्तु शर्त यह है कि यदि आयोग के मतानुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवार इन जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए सामान्य स्तर के आधार पर पर्याप्त संख्या में व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए जा सकेंगे तो आयोग द्वारा स्तर में ढील देकर अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है।

13 परीक्षा के बाद, आयोग उम्मीदवारों के द्वारा अंतिम रूप से प्राप्त कुल अंकों के आधार पर, योग्यता क्रम में उनकी सूची बनाएगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जितने लोगों का आयोग परीक्षा के आधार पर योग्य समझेगा उनकी इन रिक्तियों पर नियुक्ति करने के लिए अनुशंसा की जाएगी। उक्त परीक्षा के परिणाम के आधार पर जितनी अनारक्षित रिक्तियां को भरने का निर्णय किया जाता है ये नियुक्तियां उनको देखकर होंगी।

परन्तु यदि सामान्य स्तर से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवार नहीं लिए जा सकते हों तो उनके आरक्षित कोटा में कमी को पूरा करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर, चाहे परीक्षा योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान क्यों न हो, नियुक्ति के लिए उनकी अनुशंसा की जा सकेगी, बशर्ते कि ये उम्मीदवार इस सेवा पर नियुक्ति के उपयुक्त हों।

14 प्रत्येक उम्मीदवार की परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा, आयोग परीक्षा-फल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा।

15 यदि कोई उम्मीदवार दोनों सेवाओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षा में बैठ रहा हो तो उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन-पत्र देते समय व्यक्त किए गए वरीयता क्रम पर उचित रूप से विचार किया जाएगा।

जिन सेवाओं के लिए उम्मीदवार विचार किए जाने के इच्छुक थे न सेवाओं के लिए उनके द्वारा दर्शाए गए वरीयता क्रम में परिवर्तन से सबद्ध किसी भी अनुरोध को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक ऐसा अनुरोध लिखित परीक्षा के परिणामों की "रोजगार समाचार" में प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के भीतर संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्राप्त नहीं हो जाता।

16. परीक्षा में पास हो जाने से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता, जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार चरित्र तथा पूर्ववृत्त की दृष्टि से इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से योग्य है।

17. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे सम्बन्धित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्य को कुशलतापूर्वक न निभा सके। यदि सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा निर्धारित डाक्टरी परीक्षा के दौरान किसी उम्मीदवार के बारे में यह पाया जाए कि वह इन अपेक्षाओं को पूरी नहीं कर सकता है तो नियुक्ति नहीं की जाए। व्यक्तित्व परीक्षण के लिए आयोग द्वारा बुलाए गए उम्मीदवारों की स्वास्थ्य परीक्षा करायी जा सकती है।

टिप्पणी —कहीं निराश न होना पड़े इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र भेजने से पहले सिविल सर्जन के स्तर के किसी सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी जांच करवा लें। नियुक्ति से पहले उम्मीदवार की किस प्रकार की डाक्टरी जांच होगी और उसके स्वास्थ्य का स्तर किस प्रकार का होना चाहिए, इसके ब्यौरे इन नियमों के परिशिष्ट III में दिए गए हैं। रक्षा सेवाओं के भूतपूर्व विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त हुए सैनिकों को सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप डाक्टरी जांच के स्तर में छूट दी जाएगी।

18. जिस व्यक्ति ने

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह का अनुबंध किया हो, जिसका पहले जीवित पति/पत्नी हो, या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह का अनुबंध किया है, तो वह उक्त सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसा करने के अन्य कारण भी हैं तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है।

19 इस परीक्षा के माध्यम से जिन सेवाओ के सम्बन्ध म भर्ती की जा रही है उनका सक्षिप्त विवरण परिशिष्ट II मे दिया गया है।

पी जी० लेले, निदेशक (ई० एस०)

परिशिष्ट I

यह परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार सचालित होगी।

भाग I—नीचे दिखाए गए विषयो में एक लिखित परीक्षा जिसके पूर्णाक 900 होगे।

भाग II—आयोग द्वारा जिन उम्मीदवारो को बुलाया जाता है, उनके लिए मौखिक परीक्षा इस परिशिष्ट की अनुसूची का भाग (क) देखिए जिसके पूर्णाक 250 होगे।

2 भाग I के अन्तर्गत लिखित परीक्षा में सम्मिलित विषय प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्र के लिए निर्धारित पूर्णांक और समय का विवरण इस प्रकार है :—

क्रम स०	विषय	कोड स०	अधिकतम अंक	दिया गया समय
1	2	3	4	5
क. भारतीय अर्थ सेवा				
1.	सामान्य अंग्रेजी	01	150	3 घंटे
2.	सामान्य अध्ययन	02	150	3 घंटे
3	सामान्य अर्थशास्त्र-I		200	
	भाग-I	03	भाग-I 1 घंटा	3 घंटे
	भाग-II	04	भाग-II 2 घंटे	
4	सामान्य अर्थशास्त्र-II		200	
	भाग-I	05	भाग-I 1 घंटा 2 घंटे	3 घंटे
	भाग-II	06	भाग-II 2 घंटे	
5	भारतीय अर्थशास्त्र		200	
	भाग-I	07	भाग-I 1 घंटा 2 घंटे	3 घंटे
	भाग-II	08	भाग-II	

विशेष ध्यान: उपर्युक्त क्रम स० 3 से 5 तक के विषयो के प्रश्न पत्रो के मामले में यदि कोई उम्मीदवार निर्धारित समय के भीतर परीक्षा भवन से नही पहुचता है और प्रश्न-पत्र के भाग I की परीक्षा में प्रवेश नही ले पाता है तो वह उक्त प्रश्न-पत्र के भाग II से प्रवेश का पात्र नही होगा।

(ख) भारतीय साख्यिकी सेवा			
1. सामान्य अंग्रेजी	01	150	3 घंटे
2 सामान्य अध्ययन	02	150	3 घंटे
3. साख्यिकी I	09	200	3 घंटे
4. साख्यिकी II	10	200	3 घंटे
5. साख्यिकी III	11	200	3 घंटे

नोट I—सामान्य अंग्रेजी और सामान्य अध्ययन विषयो पर प्रश्न-पत्र में केवल वस्तुपूरक प्रश्न पूछे जाएगे।

नोट II—भारतीय अर्थ सेवा के उपर्युक्त क्रमाक 3 से 5 के विषयो से सबधित प्रश्न-पत्र के भाग I मे केवल वस्तुपूरक प्रश्न पूछे जाएगे और इन विषयो के प्रश्न-पत्रो के भाग II में सक्षिप्त उत्तर और निबध वाले प्रश्न पूछे जाएगे।

नोट III—भारतीय साख्यिकी सेवा के क्रमाक 3 से 4 विषयो के प्रश्न-पत्रो में केवल वस्तुपूरक प्रश्न पूछे जाएगे और क्रमाक 5 से सबधित प्रश्न-पत्र मे निबन्ध वाला प्रश्न पूछा जाएगा।

नोट IV अन्य विवरण के लिए, जिसमें विभिन्न विषयो के प्रश्न-पत्रो में पूछे जाने वाले वस्तुपूरक प्रश्न भी शामिल है, नोटिस के अनुबध II पर उम्मीदवारो की सूचनार्थ विवरणिका देखिए।

नोट V उपर्युक्त विषयो के स्तर और पाठ्यक्रम इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग 'क' में दिए गए हैं।

3 सभी प्रश्न-पत्रो के उत्तर अंग्रेजी में लिखने चाहिए।

4 उम्मीदवारो को प्रश्न-पत्रो के उत्तर अपने हाथ से लिखने होगे। उन्हे किसी भी हालत से उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नही दी जाएगी।

5. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अहक अक निर्धारित कर सकता है।

6 यदि किसी उम्मीदवार की लिखावट आसानी से पढने लायक न हो तो उसको मिलने वाले कुछ अको में से कुछ काट लिए जाएगे।

7 केवल सतही ज्ञान के लिए कोई अक नही दिए जाएगे।

8 कम से कम शब्दो में सुव्यवस्थित, प्रभावशाली और सही ढग से की गई अभिव्यजना को श्रेय दिया जाएगा।

9 प्रश्न-पत्रों में जहा आवश्यक हो तोलो और मापो की केवल मीट्रिक प्रणाली से सबधित प्रश्न पूछे जाएगें।

10 उम्मीदवारो को परपरागत (निबन्धात्मक) प्रकार के प्रश्न-पत्रो के लिए बैटरी से चलने वाले पाकेट कैलकुलेटर परीक्षा भवन में लाने और उनका प्रयोग करने की अनुमति है। परीक्षा भवन में किसी से कलकुलेटर मागने या आपस म बदलने की अनुमति नहीं है।

यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि उम्मीदवार वस्तुपूरक प्रश्न-पत्र (परीक्षण पुस्तिका) का उत्तर देने के लिए कैलकुलेटरो का प्रयोग नही कर सकते। अत वे इन्हें परीक्षा भवन में न लाए।

11. उम्मीदवारो को प्रश्न पत्रो के उत्तर लिखते समय भारतीय अको के अतर्राष्ट्रीय रूप (अर्थात 1, 2, 3, 4, 5, 6 आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए

अनुसूचित भाग 'क'

सामान्य अंग्रेजी और सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्र किसी भारतीय विश्वविद्यालय के ग्रेजुएट से अपेक्षित स्तर के होगे। अन्य विषयो के प्रश्न-पत्र सबधित विषयो में किसी भारतीय विश्वविद्यालय की मास्टर डिग्री परीक्षा के समकक्ष होगे। उम्मीदवार से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सिद्धात को तथ्यो के आधार पर स्पष्ट करे और सिद्धान्त की सहायता से समस्याओ का विश्लेषण करे। अर्थशास्त्र और साख्यिकी के क्षेत्र (क्षेत्रो) में उनसे आशा की जाती है कि वे भारतीय समस्याओं से विशेष रूप से परिचित हो।

सामान्य अंग्रेजी (कोड स० 1)

प्रश्न इस प्रकार पूछे जाएगे जिससे उम्मीदवारो को अंग्रेजी समझने और अंग्रेजी शब्दो का कुशल प्रयोग करने की क्षमता की जाच हो सके

सामान्य अध्ययन (कोड स० 02)

सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्र में वर्तमान घटनाक्रम की जानकारी शामिल होगी और कुछ ऐसे मामले भी होगे जो दैनिक निरीक्षण और अनुभव से सबधित है और जिनको वैज्ञानिक दृष्टिकोण से एक पढा-लिखा आदमी समझ सकता है। इस प्रश्न-पत्र में भारत के इतिहास और भूगोल से सबधित प्रश्न भी होगे जिनका स्तर उत्तर विशेष अध्ययन के बिना ही उम्मीदवार दे सके।

सामान्य अर्थशास्त्र I (भाग I के लिए कोड स० 03 और भाग II के लिए 04)

उपभोक्ता की माग का सिद्धान्त तटस्था वक्र, विश्लेषण, प्रकट अधिमानता अभिगम।

उत्पादन का सिद्धान्त उत्पादन के तत्व, उत्पादन कृत्य, प्रतिफल के नियम, प्रतिष्ठान और उद्योग का संतुलन।

मूल्य का सिद्धान्त: विपणन व्यवस्था के विभिन्न रूपों में मूल्य निर्धारण सार्वजनिक उपयोगिता मूल्यन।

वितरण का सिद्धान्त: उत्पादन के तत्वों का मूल्यन, भाड़ा, मजदूरी, ब्याज और लाभ के सिद्धान्त, विशाल वितरण सिद्धान्त, संकलन समस्या आय वितरण में असमानताएं।

कल्याण मूलक अर्थशास्त्र: प्राचीन और नवीन कल्याणमूलक अर्थ-शास्त्र, क्षतिपूर्ति, नियम, नीतिमूलक ग्रंथियां –

राष्ट्रीय आय की अवधारणा: सामाजिक लेखा, नियोजन का सिद्धान्त निपिज और मुद्रास्फीति, शास्त्रीय और नवशास्त्रीय अभिगम नियोजन के बारे में कीन्स का सिद्धान्त और कीन्स के बाद की गतिविधियां।

सामान्य अर्थशास्त्र II (भाग I के लिए कोड सं० 05 और भाग II के लिए 06)

आर्थिक विकास की अवधारणा और उसका मापन-विकास के सिद्धान्त विकासशील देशों के लक्षण और उनकी समस्याएं। जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास।

आयोजन: अवधारणा और पद्धतियां:– आर्थिक संगठन की पूंजी-वादी और समाजवादी प्रणालियों के अन्तर्गत आयोजन मिश्रित अर्थ व्यवस्था में आयोजन, परिदृश्यात्मक आयोजन, क्षेत्रीय आयोजन, निवेश के निर्धारण और प्रविधियों का चयन।

अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र: अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के सिद्धात, व्यापार से लाभ, व्यापार की शर्तें व्यापार नीति, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास व्यापार शुल्क पद्धति के सिद्धान्त।

भुगतान संतुलन: भुगतान संतुलन में असमानताएं समंजन की प्रक्रिया विदेश व्यापार, विनियम की दरें, आयात और विनिमय नियंत्रक।

आई० एम० एफ० और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रण सुधार: जी० ए०टी० टी० आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता, आई० बी० आर० डी० और उसके अनुबन्ध।

मुद्रा: उसका मूल्य और प्रयोजन, मुद्रा नीति, केन्द्रीय और वाणिज्यिक बकों के कार्य।

राजवित्तीय नीति और उसके लक्ष्य:– कराधान और व्यय के सिद्धान्त सार्वजनिक व्यय के लक्ष्य और परिणाम, कराधान का प्रभाव, और घटन-घाटे की वित्त व्यवस्था, सार्वजनिक ऋण का सिद्धान्त।

अर्थशास्त्र में सांख्यिकी का प्रयोग, सांख्यिकीय ओमतें और विचलन के माप मूल्यों और परिणामों के सूचकांक उनकी सीमाएं।

भारतीय अर्थशास्त्र (भाग I के लिए कोड सं० 07 और भाग II के लिए 08)

भारतीय अर्थव्यवस्था के बुनियादी लक्षण-विकास तंत्र-कृषि और-उद्योग की भूमिका-विदेश व्यापार की भूमिका-सतुलित विकास की अव-धारणा।

आयोजन: उद्देश्य, प्राथमिकताएं और समस्याएं--पंचवर्षीय योजनाएं--साधन सपादन की समस्या।

कृषि: नया कृषि तंत्र-- भसवध और भू सुधार--देहाती साख--सिचाई और उर्वरकों का स्थान--कृषि विपणन--कृषि उत्पादों के मूल्य--फसल आयोजन--सामुदायिक विकास--उपजीविका और ग्रामोद्योग।

सहकारिता: ग्रामीण विकास में इसका स्थान--भारत मे सहकारी आंदोलन का विकास।

उद्योग: औद्योगिक विकास का व्यूह-स्थल निर्देश की समस्या-वृहयाकार और लघु उद्योगों की समस्याएं--औद्योगिक नीति--औद्योगिक संपदाएं--औद्योगिक वित्त के संमाधन--विदेशी पूजी की भूमिका--सार्वजनिक उद्यम: संगठन, प्रबन्ध नियंत्रण और समर्थ नीयता, मूल्य नीति।

श्रम: रोजगारी, बेरोजगारी और कम रोजगारी--औद्योगिक संबध और श्रम कल्याण--श्रम नीति--मजदूरी, मूल्य और आय नीति।

विदेशी व्यापार: भारत के विदेशी व्यापार की प्रमुख विशेषताएं--विदेशी व्यापार नीति--राज्य व्यापार--भुगतान सन्तुलन।

मुद्रा और बैंकिंग: भारतीय मुद्रा विपणन का संगठन--वाणिज्यिक बैंकों और भारतीय रिजर्व बैंकों की कार्यप्रणाली--मुद्रा नीति।

सार्वजनिक वित्त: वित्तीय नीति--सार्वजनिक व्यय की वृद्धि--कराधान नीति--संघ और राज्य सरकारों के लिए राजस्व के प्रमुख स्रोत-सार्वजनिक ऋण नीति--घाटे की वित्त व्यवस्था--संघ और राज्य के बीच वित्तीय संबंध।

सांख्यिकी--1 (कोड सं० 09)

नोट: केवल वस्तुपरक (बहुविकल्पक) प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे।

प्रायिकता (40 प्रतिशत प्रधानता) माप सिद्धान्त के तत्व--प्रसिद्ध परि-भाषाएं और स्वयं सिद्ध अभिगम--प्रतिदर्श अवकाश संकुल और सकलित प्रायि-कता के नियम--घटनाओं में से घटनाओं की प्रायिकता-प्रतिबंधित प्रायिकता--बेयर्स का प्रमेय--असंयोगिता विचरण-- विरल और अविरल--वितरण कार्य--मानक प्रायिकता वितरण--बरनौली, समरूप, द्विपदीय, पाइसन, ज्यामितीय, आयत, घातीय सामान्य, काची, पराज्याह मितीय, बहुपदीय, लाप्लेस, ऋणद्विपीयी, बीटा, गामा, लघुसामान्य तथा संकलित पाइसन वितरण-अभिसरण, वितरण में, प्रायिकता में और प्रायिकता एक के साथ और माध्य वर्ग में--आगूर्नन और संचायक-गणितीय अपेक्षा और प्रतिबंध अपेक्षा--लक्षणात्मक फलन और आघूर्ण तथा प्रायिकता जनक फलन-- विलोम विलक्षणता और सातत्य सिद्धांत--टेकेवाइचेक और कोलमोगोरोव असमानताएं--बृहत संख्या नियम और स्वतं विचरणों के लिए केन्द्रीय सीमा सिद्धांत।

सांख्यिकीय पद्धतियां (45 प्रतिशत प्रधानता)

तथ्यों का संग्रह, संकलन और प्रस्तुतीकरण--चार्ट, डायग्राम और हिस्टो-ग्राम--आवृत्ति वितरण--निर्देशन, विक्षपण और विषमता का माप द्विचर और बहुचर तथ्य--साहचय और आसंग--वक्र समजन और लांबिक बहुपद--द्विचर वितरण--द्विचर सामान्य वितरण--समाश्रयण, रेखीय बहुपदीय--सहसंबध गुणांक का वितरण--आंशिक और बहुल सहसंबंध अन्तर्गीय सहसंबध-- सहसंबंध अनुपात।

मानक त्रुटियां और बृहत प्रतिदर्श--परीक्षण प्रतिदर्श वितरण--x, s, t, x, वर्ग और--एफ--इन पर आधारित प्रमुखता परीक्षण--गैर परामित्तीय परीक्षण--साइन, मीडियम, रन, विलकाक्सन, मनविटनी, बाल्ड बुल्फोविड्ज आदि--वरीयता श्रम साख्यिकी--अल्पतम, अधिकतम, रेंज और मीडियम।

आकड़ा का विश्लेषण (15 प्रतिशत प्रधानता)

लाग रेंज, न्यूटन-ग्रेगरी न्यूटन (विभाजित अंतर), गास और स्टलिंग पर प्रचलित अक्षार्वेशन सूत्र (शेष संभावना सहित),--यूलर मस्लारिन का-संकलन सूत्र--विलोम अन्तर्वेशन-आंकडों का समाकलन गौर अवकलन-प्रथम गुणांक का विभेद समीकरण--स्थिर गुणकों के साथ एक घातीय विभेद समीकरण--

साख्यिकी--II (कोड स० 10)

नोट:--केवल वस्तुपरक (बहु विकल्पक) प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे।

एकाघातीय प्रतिमान (25 प्रतिशत प्रधानता)।

एक घातीय आकलन का सिद्धांत-- गास मार्कोफ प्रतिष्ठान--कनिष्ठ वर्ग आकलन--जी--विलोम का प्रयोग--एक तरफा और दो तरफा वर्गीकृत तथ्य का विश्लेषण--निश्चित, मिश्रित और यादृटच्छिक प्रभाव वाले प्रतिमान--समाश्रयण गुणकों के लिए परीक्षण--

आकलन (25 प्रतिशत प्रधानता)

अच्छे आकलन के लक्षण--अत्यधिक संभावना, कनिष्ठ ची वर्ग आघूर्ण और कनिष्ठ वर्गों की आकलन पद्धतियां--अत्यधिक संभावना आकलन--क्रेमर राव असमानता--भट्टाचार्य परिसीमाएं--पर्याप्त आकलन गुणन खडन प्रमेय--संपूर्ण आंकड़े--राव--ब्लैकावेल प्रमेय--विश्वास अंतकाल आकलन--इष्टतम विश्वास परिसीमाएं।

परिकल्पना परीक्षण (25 प्रतिशत प्रधानता)

सरल और जटिल परिकल्पना-दो प्रकार की त्रुटियां---क्रांतिक क्षेत्र---विभिन्न प्रकार के क्रांतिक क्षेत्र और सरूप क्षेत्र---धातु फलन---अत्यन्त प्रभावशाली और समान रूप से अत्यन्त प्रभावशाली परीक्षण---नेमन, परिसन आधारभूत---अनभिनत परीक्षण---स्थालीपु लाक परीक्षण---संभावना अनुपात परीक्षण---वाल्ड का SPRT---OC---औरASNफलन---निर्णय के प्राथमिक तत्व और खेल सिद्धान्त।

बहुचर विश्लेषण (25 प्रतिशत प्रधानता)

बहुचर सामान्य वितरण---माध्य प्रमारक का आकलन और सहचारिता व्यूह---होटलिंग का T_2 स्थनिक---महलनाबिस का D_2 स्थतिक---बहुचर सामान्य जनसंख्या के प्रतिदर्श में आंशिक और बहुल सहसंबंध गणांक---विशाष का वितरण, उसका प्रतिरूपणात्मक और अन्य स्वभाव---विल्क का निष्कर्ष---विवेचनात्मक फलन---प्रमुखघटक---नियमानुकलन विचर और सहसंबंध---

सांख्यिकी---III (कोड सं० 11)

नोट :---केवल निबंध शैली के प्रश्न पूछे जाएंगे जिन में सुदीर्घ और जटिल निरूपण आवश्यक न हों।

भाग 'क' (सब के लिए अनिवार्य)

प्रतिदर्श प्रविधियां (35 प्रतिशत प्रधानता)

जनगणना बनामा प्रतिदर्श सवक्षण---प्रारंभिक और विस्तृत प्रतिदर्श सवक्षण---प्रतिस्थापन के साथ या उसके बिना सरल या दैन्चिछक प्रति चयन और प्रतिदर्शों आवंटन---लागत और विचरण फलन---आकलन की आनुपातिक और समाश्रयी पद्धतियां---आकार के समानुपात में प्रायिकता सहित प्रतिचयन---संकुल, दुहरा, बहुरूपी, बहुस्तरीय और व्यवस्थित प्रतिचयन---अंत, प्रद्येशी उप प्रतिचयन---प्रतिचयनेत्तर त्रुटियां।

अर्थ साख्यिकी (25 प्रतिशत प्रधानता)

रायम श्रेणी के घटक---उनके निर्धारण की विधियां---विचरण विभेद पद्धति---थूल, स्लस्की, प्रभाव- सहसंबंध चित्र---प्रथम और द्वितीय क्रम के स्वयं समाश्रमयी प्रतिदर्श---समावधि चित्र का विश्लेपण---मूल्यों और परिणामों के सूचकांक और उनके सापेक्ष गुण---थोक और खुदरा मूल्यों के सूचकांक की रचना---आय वितरण---पैरिटों और इंगेल वक्र---एकाग्रता वक्र---राष्ट्रीय आय का आकंलन करने की पद्धतियां---खंडातर प्रवाह---अन्तरौद्योगिक तालिका।

भाग (ख)

(उम्मीदवार निम्नांकित विषयों में से किसी भी विषय पर प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं)।

(i) सांख्यिकीय गुण नियंत्रण और परिचालन अनुसंधान (40 प्रतिशत प्रधानता)।

विचरों और गुणों के लिए विभिन्न प्रकार के नियंत्रक चित्र---गुणों के द्वारा स्वीकृति प्रतिचयन---एकल, द्वंद्व, बहुल और श्रृंखलामूलक प्रति-चयन योजनाएं-

OC और ASN ---फलन--- AOQL और ATI की धारणा---विचर के द्वारा स्वीकृति प्रतिचयन---डाडज रोमिक और अन्य तालिकाओं का प्रयोग।

परिचालन अनुसंधान का अभिगम---रेखांगत कार्यपतन के प्राथमिक तत्व---सिप्लेक्स प्रक्रिया---परिवहन और नियोजन समस्याएं---द्वंद्वात्मकता का नियम---एकल और बहुल आवधिक सूची नियंत्रण के नमूने विश्लेषण रेखा प्रतिदर्श के लक्षण---$M/MABL_1$ M/M/C नमूने आम नकली की समस्याएं---नष्ट या क्षीण होने वाले तत्वों के प्रतिस्थापन के नमूने।

(ii) जनांकिकी और जन्म-मरण आंकड़े (40 प्रतिशत प्रधानता)

जीवन-तालिका, उसका निर्माण और लक्षण---मेकहम और गामपर्ट्स वक्र---राष्ट्रीय जीवन [illegible] तालिकाओं के नमूने---संक्षिप्त जीवन तालिकाएं---स्थिर और स्थायी जनसंख्या---विभिन्न जन्म गतियां---कुल प्रजनन गतियां---कुल और निवल उत्पादन गतियां--- विभिन्न मरण गतियां---मानकीकृत मरण गति---आंतरिक और अंतर्राष्ट्रीय प्रजनन---निवल प्रव्रजन अंतर्राष्ट्रीय और जनगणनोत्तर आकलन---वृद्धि,घाती वक्र संमजन सहित प्रक्षेपण विधियां---भारत में दशाब्दीय जनगणन।

(iii) प्रयोग रूप कल्पना और विश्लेषण (40 प्रतिशत प्रधानता)

प्रयोग रूप कल्पना के नियम---पूर्णरूप से या दृच्छिक बनाए गए यादृच्छिक खंड और रैटिन चौक अभिकल्पों का विन्यास और विश्लेषण---क्रमगुणित प्रयोग और 2^3 और 3^3 प्रयोगों में संभ्रम---खंड और उपखंड अभिकल्प---संतुलित और अर्द्ध संतुलित अपूर्ण वर्ग अभिकल्पों की रचना और विश्लेषण---सहचारिता का विश्लेषण---लांबिकेतर तथ्यों का विश्लेषण-लुप्त और मिश्रित व्यूह के तथ्यों का विश्लेषण।

(iv) अर्थमीति (40 प्रतिशत प्रधानता)

उपभोक्ता मांग का सिद्धांत और विश्लेषण---मांग फलन का विशिष्टीकरण और आकलन---मांग की लोच---संरचना और नमूना---एकल समीकरण शैली में प्राचलों का आकलन---परंपरागत अल्पमत वर्ग, साधारणीकृत अल्पतम वर्ग---विप्रदेयता, क्रमांगत सहसंबंध---बहुल समरेखीयता---विचार प्रतिदर्श में त्रुटियां---समकालिक समीकरण प्रतिदर्श---तदात्मकता, वरीयता क्रम और क्रमण परिस्थितियां---परीक्षा अल्पतम वर्ग और दो स्तरीय अल्पतम वर्ग---अल्पकालिक आर्थिक भविष्य कथन।

भाग ख

मौखिक परीक्षा

उम्मीदवारों को साक्षात्कार सुयोग्य और निष्पक्ष विद्वानों के बोर्ड द्वारा किया जाएगा जिनके सामने उम्मीदवार का सर्वांगीण जीवनवृत्त होगा। साक्षात्कार का उद्देश्य यह है कि इस सेवा के लिए व्यक्ति की दृष्टि से उम्मीदवार उपयुक्त है अथवा नहीं। उम्मीदवारों से आशा की जाएगी कि वे केवल अपने विद्याध्ययन के विशेष विषयों में ही सूझ-बूझ के साथ रुचि न लेते हों, अपितु उन घटनाओं में भी रुचि लेते हों, जो उनके चारों ओर अपने राज्य या देश के भीतर और बाहर घट रही है तथा आधुनिक विचारधाराओं और उन नई खोजों में रुचि लें, जिनके प्रति एक सुशिक्षित व्यक्ति में जिज्ञासा उत्पन्न होती है।

साक्षात्कार महज जिरह की प्रक्रिया नहीं, अपितु स्वाभाविक निदेशन और प्रयोजन मुक्त वार्तालाप की प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य उम्मीदवारों के मानसिक गुणों और समस्याओं को समझने की व्यक्ति को अभिव्यक्त करना है। बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को मानसिक सतर्कता, आलोचात्मक ग्रहण शक्ति, संतुलित निर्णय और मानसिक सतर्कता, सामाजिक संगठन को योग्यता, चारित्रिक ईमानदारी, नेतृत्व की पहल और क्षमता के मूल्यांकन पर विशेष बल दिया जाएगा।

परिशिष्ट---II

इस परीक्षा के द्वारा जिन सेवाओं में भर्ती की जा रही है, उनका संक्षिप्त ब्यौरा :

1. जो उम्मीदवार दोनों में से किसी भी सेवा के लिए सफल होंगे, उनकी नियुक्ति उस सेवा के ग्रेड IV में परिवीक्षा के आधार पर की जाएगी जिसकी अवधि दो वर्ष होगी, और इस अवधि को घटाया भी जा सकता है। सफल उम्मीदवारों की परिवीक्षा की अवधि में भारत सरकार के निर्णयानुसार निर्धारित प्रशिक्षण या पाठ्यक्रम और शिक्षण तथा परीक्षा पास करनी होगी।

2. यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल की संभावना न हो, तो सरकार उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकती है।

3.परिवीक्षा की अवधि या उसकी बढ़ाई हुई अवधि की समाप्ति पर यदि सरकार की राय में उम्मीदवार स्थायी नियुक्ति के लिए योग्य नहीं है तो सरकार उसे सेवा मुक्त कर सकती है।

4. यदि सरकार की राय में उम्मीदवार ने संतोषजनक रूप से अपनी परिवीक्षा अवधि समाप्त कर ली है, और यदि वह स्थायी नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझा जाए तो उसे स्थायी प दों में मौलिक रिक्तियां उपलब्ध होने पर पक्का कर दिया जाएगा।

5. भारतीय अर्थ सेवा और भारतीय सांख्यिकी सेवा के निर्धारित वेतनमान निम्नलिखित हैं :--

चयन ग्रेड रु० 2000-125/2-2250
(नान फंक्शनल)
ग्रेड--I निदेशक रु० 1800-100-2000
ग्रेड--II संयुक्त निदेशक रु० 1500-60-1800
ग्रेड -III उप निदेशक रु० 1100-50-1600
ग्रेड---सहायक निदेशक रु० 700-40-900-द० रो०-40-1100-50-1300।

6. उक्त सेवा के अगले ग्रेड IV में पदोन्नति समय-समय पर यथासंशोधित भारतीय अर्थ सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा नियमों के उपबंधों के अनुसार की जाएगी।

भारतीय अर्थ सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारी को केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत भारत में कहीं भी या भारत के बाहर कार्य करने के लिए नियुक्त किया जा सकता है अथवा इनकी किसी राज्य सरकार या गैर-सरकार संगठन में निश्चित अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा सकता है।

7. दोनों सेवाओं के अधिकारियों की सेवा की शर्तें तथा छुट्टी तथा पेंशन इत्यादि अन्य केन्द्रीय सिविल सेवाओं ग्रुप "क" के सदस्यों पर लागू होने वाले नियमों द्वारा शासित होंगी।

8. भविष्य निधि की शर्तें वही है जो सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियमावली में उल्लिखित है किन्तु ऐसे संशोधनों की शर्त के साथ जो समय-समय पर सरकार द्वारा किए जाएं।

परिशिष्ट---III

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनियम

[ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा के लिए प्रकाशित किए जाते है ताकि वे यह अनुमान लगा सकें कि वे अपेक्षित शारीरिक स्तर के हैं या नहीं। ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षकों (मेडिकल एक्जामिनर्स) के मार्ग निर्देशन के लिए भी है।

भारत सरकार को स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करके उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।]

1. नियुक्ति के लिए स्वस्थ ठहराए जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पाने की संभावना हो।

2. भारतीय (एंग्लोइंडियन सहित) जाति के उम्मीदवारों की आयु, कद और छाती के घेरे के परस्पर संबंध के बारे में मेडिकल बोर्ड के ऊपर यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवारों की परीक्षा में मार्गदर्शन के रूप में जो भी परस्पर संबंध के आंकड़े सबसे अधिक उपयुक्त समझे व्यवहार में लाएं। यदि वजन, कद और छाती के घेरे में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और छाती का एक्सरे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित करेगा।

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि में मापा जाएगा---वह अपने जूते उतार देगा और उस मापदण्ड (स्टेन्डर्ड) से, इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाय ऐडियों के पांवों की उंगलियों या किसी और हिस्से पर न पड़े। वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां, पिंडलियां, नितम्ब और कंधे मापदंड के साथ लगे होंगे। उसकी ठोड़ी, नीची रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (बर्टेक्स आफ दी हैड लेवल) हारिजटल बार (आड़ी छड़) के नीचे आ जाए। कद सेंटीमीटरों और आधे सेंटीमीटरों में मापा जाएगा।

